स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
25 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -243 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

web portal : swatantrabharat.net

**भारत में रिलीज नहीं होगी फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल**



पहलगाम हमला : पीएम नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजी में दिया दुनिया को संदेश

# आतंकियों को धरती के छोर तक नहीं छोड़ेंगे

**पटना/मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से विश्व के नाम संदेश दिया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद वह पहली बार किसी जनसभा में थे।

### कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

जनसभा के दौरान विकास की बातें हुई, लेकिन इसकी शुरुआत पहलगाम हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने से हुई और अंत आतंकवाद के खिलाफ भारत की ताकतवर घोषणा के साथ। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले हिंदी में आतंकवाद के खिलाफ अपनी योजना



बताई और फिर दुनिया को संदेश देने के लिए अंग्रेजी में भी बोले। पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी में विकास की बात करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सूखते गले तो तर करते हुए पानी पीया और फिर बोले- साथियो, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वह जल्द स्वस्थ हों- इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया। किसी ने अपना भाई खोया। किसी ने अपना जीवनसाथी खोया। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था और कोई यहां बिहार का लाल था। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलाकर रहेगी। अब आतंकियों की बचीखुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंकवाद का कमर तोड़ कर रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की इस सभा का उपयोग पूरी दुनिया को संदेश देने के लिए भी किया। उन्होंने अंग्रेजी में भी आतंकियों को चेतावनी दी जिसका हिंदी अर्थ यह है- आज बिहार की धरती से, मैं पूरे विश्व से कहता हूं कि भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाकर उन्हें दंडित करेगा। हम धरती के अंत तक उनका पीछा करेंगे।

### यह भारत की आस्था पर हमला है

मोदी ने कहा आज पहलगाम में मारे गए सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

### भारत की हिम्मत नहीं टूटेगी

पीएम ने कहा आतंकवाद से भारत की हिम्मत नहीं टूटने वाली है। इसको बख्शा नहीं जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि न्याय हो। पूरा राष्ट्र दृढ़ है। हर वह व्यक्ति जो मानवता में विश्वास रखता है, हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूँ, जो इस समय हमारे साथ खड़े रहे।

# सर्वदलीय बैठक : सरकार को विपक्ष का समर्थन

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राष्ट्रीय एकता पर जोर दिया और आतंकवाद के प्रति सरकार

### बैठक में सीसीएस के निर्णयों को किया गया साझा

की शून्य-सहिष्णुता की नीति की पुष्टि की। रिजिजू ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि व्यापक राजनीतिक सहमति के बीच, पार्टी लाइन से परे नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट मोर्चे का आह्वान किया। रिजिजू ने कहा, शुरुआत में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में हुई घटना के बारे में बात की और घटना के बाद सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) की बैठक में सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को साझा किया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सरकार के शून्य सहिष्णुता के रुख के बारे में भी बात की। कहा गया कि यह घटना बहुत दुखद थी और भारत सरकार ने आगे और भी सख्त कार्रवाई करने की मंशा जताई है। सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार साझा किए और आम सहमति थी कि देश को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में बोलना चाहिए। खुफिया ब्यूरो और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी दी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जा रहे प्रबंधन उपायों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सभी राजनीतिक दल सरकार के साथ खड़े हैं। ऐसे समय में पूरे देश को एकजुट रहना चाहिए - यह सभी ने संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी आज की बैठक में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख नेताओं में शामिल थे।

### वायुसेना का युद्धाभ्यास शुरू



पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। वायुसेना ने इस अभ्यास का नाम आक्रमण रखा गया है। वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में मुख्य लड़ाकू विमानों की टुकड़ियां हिस्सा ले रही हैं। इसमें सबसे आगे राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की दो स्क्वाड्रन हैं, जो अंबाला (हरियाणा) और हाशिमारा (पश्चिम बंगाल) में तैनात हैं।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $41^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $23^0$ |
| सूर्योदय | - 05:34 |
| सूर्यास्त | - 06:35 |

आसमान साफ रहेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### यूपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 का परिणाम आज दोपहर 12:30 बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को आधिकारिक सूचना जारी कर दी। परीक्षा परिणाम बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से जारी किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार पहली बार छात्रों की मार्कशीट और सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर भी अपलोड किए जाएंगे। परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएमएसपी डॉट ईडीयू डॉट इन और डिजिलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रिजल्ट डॉट डिजीलाकर डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा जा सकेगा।

#### सहरसा-मुंबई के बीच नई अमृत भारत ट्रेन

**पटना।** बिहार से आज चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन चार नयी ट्रेनों में सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ,जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल, पिपरा-सहरसा तथा सहरसा-समस्तीपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की चर्चा खूब हो रही है। नई सेवा का उद्देश्य पूर्वी भारत से मुंबई आने वाले यात्रियों के लिए लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। यह पूरी तरह से गैर-एसी इकॉनमी ट्रेन बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस के बाद सहरसा और मुंबई के बीच दूसरी सीधी ट्रेन है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के पास उपलब्ध बुकिंग शेड्यूल के अनुसार, नई ट्रेन-05595 गुरुवार को सुबह 11.40 बजे चलेगी और शुक्रवार को रात 11.30 बजे मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन करीब 36 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करेगी और एक यात्री को 1,045 रुपये का किराया देना होगा।

#### हफ्ते भर की बढ़त के बाद गिरा शेयर बाजार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में पिछले सात दिनों से जारी बढ़त गुरुवार को थम गई। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल जैसी बड़ी कंपनियों में बिकवाली और एशियाई व यूरोपीय शेयर बाजारों में नरम रुख के कारण भी बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 315.06 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ।

# बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लिए कई फैसले

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति

### कहा-पानी रोका तो यह कदम युद्ध माना जाएगा

(एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। एनएससी बैठक



के बाद पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। भारत ने पानी रोका तो उसे युद्ध जैसा कृत्य माना जाएगा पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग में स्थित सैन्य सलाहकारों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा है। सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीजा छूट के तहत मिले वीजा को निलंबित करने का भी निर्णय लिया गया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से मार्ग भी शामिल हैं।

**एनएससी में लिए गए फैसले**

शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए।

पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए।

पहलगाम में आतंकियों की गोली के शिकार हुए शुभम के परिजनों से मिले योगी

# आतंकवादियों को जल्द मिलेगी इस कृत्य की सजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चाचा नरेंद्र ने मुखाग्नि दी। वहीं

### पत्नी ऐशान्या ने की बदला लेने की मांग

पिता बगल में खड़े होकर रोते रहे। इससे पहले सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। सीएम ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि आप परेशान न हो... शुभम की मौत बदला लिया जाएगा। सरकार आपके साथ है... हर संभव मदद की जाएगी। आप सभी को किसी भी तरह से कमजोर नहीं पड़ना है। इस दौरान सीए योगी शुभम की पत्नी ऐशान्या से मिले। ऐशान्या सीएम योगी से



मिलकर फूट-फूटकर रोई। उन्होंने सीएम योगी से कड़ा बदला लेने की मांग की। इस पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार पर भरोसा रखिए।

गुरुवार सुबह करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी महाराजपुर के हाथीपुर स्थित शुभम के घर पहुंचे है। सीएम योगी ने नम आंखों से शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हमले में कानपुर का एक युवा भी शिकार हुआ है। यहां के एक नौजवान शुभम द्विवेदी की मौत हुई है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचायेगी। सीएम योगी ने बाद में प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिये है।

# वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी

### विदेश मंत्रालय ने कहा 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं

नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही मान्य रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब



बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है।

### सेना प्रमुख आज जाएंगे कश्मीर

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए कल श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। स्थानीय सैन्य संरचनाओं के शीर्ष कमांडर उन्हें घाटी में और नियंत्रण रेखा पर सेना द्वारा उठाए गए आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य गठन कमांडर इस दौरे के दौरान मौजूद रहेंगे।

# बीजापुर के जंगल में मुठभेड़ : तीन नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बीजापुर जिले के कररेगुट्टा के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं।

### सुरक्षा बलों ने कई बड़े नक्सल लीडरों को घेरा

सुरक्षा बलों ने 3 दिन पहले सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक शुरू किया था। तलाशी अभियान और मुठभेड़ जारी है।

जानकारी के मुताबिक, कररेगुट्टा की पहाड़ियों पर रुक-रुककर फायरिंग हो



रही है। नक्सली लीडर हिड़मा, देवा समेत कई बड़े नक्सली लीडर्स की मौजूदगी की सूचना पर ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया गया। पिछले 72 घंटे से भी अधिक समय से पहाड़ी को जवानों ने चारों ओर से घेर रखा है। कुछ दिन पहले नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर इस इलाके में बड़ी संख्या में आईईडी लगाए जाने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को पहाड़ी में ना आने की जानकारी दी थी। पहाड़ियों में सैकड़ों सीरियल आईईडी लगे होने की सूचना है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा से यह इलाका लगा हुआ है। ऑपरेशन में डीआरजी बस्तर फाइटर कोबरा सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के जवान शामिल हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ऑपरेशन का पल-पल का अपडेट ले रहे हैं।

# लखनऊ में स्कूलों का बदला समय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों का समय

### भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम ने दिया आदेश

बदल दिया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी विशाखजी ने आदेश जारी कर दिया है। सभी स्कूलों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया है। शुक्रवार से सभी स्कूलों का संचालन अग्रिम आदेश तक सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक किया जाएगा। अभी तक लखनऊ में प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 2.00 तक विद्यालय संचालित किए जाते थे।

जिलाधिकारी विशाखजी ने बताया कि विद्यार्थियों के हित में कक्षा एक से आठ तक के सभी बोर्डों के सरकारी, परिषदीय, गैर सरकारी, प्राइवेट विद्यालयों का समय परिवर्तित किया गया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की बाहर खुले क्षेत्र में कोई भी गतिविधि न कराए जाने के आदेश दिए गए हैं।

### पहलगाम के कातिलों को सजा मिलनी जरूरी



**हैदराबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि इन्हें सजा मिलनी जरूरी है और इस मामले में जड़ से सबक सिखाने की जरूरत है। ओवैसी ने कहा, जो हरकत की है, इनको सजा मिलना जरूरी है। इनके ऊपर जो बैठे हैं, जो भारत और पाकिस्तान में अमन नहीं चाहते हैं, उन्हें जड़ से सबक सिखाने की जरूरत है। ऐक्शन ग्राउंड पर होना चाहिए। साथ ही, ओवैसी ने कई सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा है कि एक ऐसी जगह जहां पर इतने सारे पर्यटक थे, वहां एक भी पुलिसकर्मी या फिर सीआरपीएफ कैंप क्यों नहीं था।

### शहबाज ने क्यों नहीं की निंदा : दानिश



**कराची।** पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश कनेरिया पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने हिंदू होने की वजह से टीम में भेदभाव और धमकियों के बारे में खुलकर बात की थी। अब उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कई ट्वीट किए हैं।

### भारतीय कोच गौतम गंभीर को जान की धमकी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर से जान से मारने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी के मुताबिक, गंभीर ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़ा है। नवंबर 2021 में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी उन्हें इसी तरह का एक ईमेल मिला था।

# उपलब्धि : अब घर में ही नेस्तनाबूद होंगे दुश्मन

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना ने एक्स पर लिखा, भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना



बनाया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है। नेवी के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय नौसेना के नवनिर्मित स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक हमला किया है जो नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**क्या है आईएनएस सूरत**

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

### स्वदेश निर्मित है गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास तथा संचालन में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है, और रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह उपलब्धि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# पाक उच्चायोग में क्यों ले जाया जा रहा था केक

**नई दिल्ली।** भारत में पहलगाम हमले के बाद चारों ओर गम का माहौल है। मगर पाकिस्तान अपनी बेशर्मी से बाज नहीं आ रहा है। पहलगाम हमले को लेकर दुख के बीच नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में एक कर्मचारी केक ले जाता नजर आया। केक ले जाते कर्मचारी का वीडियो वायरल होने के बाद सवाल खड़े होने लगे। जब कर्मचारी से केक ले जाने का कारण पूछा गया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।

# अब सड़कें खाली, दुकानें बंद, हर तरफ सन्नाटा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का असर सिर्फ पहलगाम में ही नहीं बल्कि पूरे जम्मू कश्मीर में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जहां

### आतंकी हमले के बाद ऐसा है पहलगाम

आतंकी हमला हुआ है, उसके बाद से जम्मू कश्मीर के पहलगाम का हाल बदला हुआ है। इसका असर पहलगाम के टूरिज्म पर देखने को मिल रहा है।

एक दिन पहले जहां पूरा पहलगाम पर्यटकों से गुलजार था वहीं अब हर तरफ सन्नाटा पसरा पड़ा है। पहलगाम की सड़कें सुनसान है। आतंकी हमला होने के बाद बुधवार से ही पहलगाम में लोग ना के बराबर दिख रहे है। हालांकि सुरक्षा बनी रहे इसलिए सुरक्षा बल के जवान लगातार दिख रहे है।




पहलगाम के सभी बाजार बंद हो गए है। पहलगाम का नजारा देखकर लॉकडाउन की याद आ रही है। बता दें कि ऐसा हाल रहा तो जम्मू कश्मीर के पर्यटन उद्योग में भी असर देखने को मिलेगा। पर्यटन उद्योग जो वर्ष 2030 तक 30 हजार करोड़ रुपये की इकॉनोमी बनाने का लक्ष्य रखा गया था। वहीं इस आतंकी हमले के बाद ये शुन्य पर पहुंचने कगार पर आ गया है। स्थानीय लोग इस हमले के बाद बेहद खौफ में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटकों पर ये हमला नहीं हुआ बल्कि कश्मीर की खुशहाली पर ये प्रहार हुआ है। जम्मू कश्मीर की कुल इकोनॉमी में पर्यटन आठ फीसदी की भागीदारी देता है। वर्ष 2024-25 में राज्य की जीडीपी सात फीसदी की दर से आगे बढ़ रही थी।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# गुरुद्वारे में की अरदास, आतंकियों के खिलाफ निकाला रोष मार्च

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा मासूम सैलानियों की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को नाका गुरुद्वारा पर प्रदर्शन और रोष मार्च निकाला गया। प्रदर्शन में सिख, पंजाबी व सिंधी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शाम को गुरुद्वारा नाका में सभी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के आगे आतंकवादी हमले में मारे गए बेगुनाह पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए अरदास की। इसके बाद रोष मार्च निकाल कर आतंकवाद के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया। सिख समाज ने प्रधानमंत्री से इस कायराना हमले का करारा जवाब दिए जाने की मांग की। गुरुद्वारा नाका हिंडोला के अध्यक्ष डॉ. अमरजोत सिंह ने कहा कि इस शर्मनाक व निंदनीय कृत्य के विरोध में हम सभी एकजुटता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकी संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। डॉ. गुरमीत सिंह ने कहा कि कश्मीर में हुए आतंकी हमले की सिख समाज कड़ी निंदा करता है। इस मौके पर यहियागंज गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी, गुरुद्वारा सदर से तेजपाल सिंह रोमी, जगपाल सिंह वोहरा, परविंदर सिंह, दलजीत सिंह बग्गा, हरमिंदर सिंह टीटू, हरजिंदर सिंह चावला समेत बड़ी संख्या गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए।




## समाजसेवियों ने निकाला कैंडल मार्च

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पहलगाम कश्मीर के आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की पुण्यात्मा की शांति और श्रद्धांजलि के लिये समाजसेवियों ने निकाला कैंडल मार्च। समाजसेवी और पूर्व पार्षद प्रकाश गुप्ता के द्वारा अलीगंज हनुमान मन्दिर से विकास नगर तक कैंडल मार्च निकाला। इसके साथ ही कैण्डल मार्च में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शान्ति हेतु मौन रखा। पवन कुमार गुप्ता, राजकुमार शर्मा, अतुल श्रीवास्तव , मदन सिंह, बबली यादव, उत्तम बाजपाई के साथ सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध : सुधांशु त्रिवेदी

**स्वतंत्र भारत बंथरा।** इलाके में भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ की ओर से जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सभा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी उपस्थित रहे संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई। संगोष्ठी के आरंभ में मंगलवार को जम्मू कश्मीर में पहलगाम में हुई। कायराना आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों को 2 मिनट का शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि डॉ आंबेडकर भारत में पहले अर्थशास्त्र में पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने वाले व्यक्ति थे लेकिन इतने विद्वान होने के बाद भी उनको उस समय कम आंका गया। नरेंद्र मोदी की सरकार में दलित एवं गरीबों के विकास के लिए जितना पैसा दिया जाता है उतना पैसा उनके खातों में पहुंचता है उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए आज केंद्र सरकार काम कर रही है। संगोष्ठी को पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने भी संबोधित किया उन्होंने पूना पैक्ट काका कालेलकर आयोग एवं मंडल कमीशन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारी गलतियां की इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसूचित मोर्चे के अध्यक्ष भगवती प्रसाद रावत, अनुसूचित मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष कमता प्रसाद रावत, पूर्व सांसद रीना चौधरी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, सुरेश सिंह, मंडल अध्यक्ष खुशहालगंज शिव बख्श सिंह, चंद्रभान सिंह,मण्डल अध्यक्ष विवेक राजपूत नगर पंचायत काकोरी के अध्यक्ष रोहित साहू, नगर पंचायत बंथरा के अध्यक्ष के प्रतिनिधि रंजीत रावत समेत अधिवक्ता, अध्यापक, पत्रकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान का नाम सबसे बड़ा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चिन्मय मिशन लखनऊ की ओर गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में चल रहे मानस ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को स्वामी अद्वैतानंद आचार्य ने भगवान राम नाम की महिमा का बखान किया। प्रवचन में आचार्य ने कहा कि भगवान का नाम भगवान से भी बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम सभी के लिए सुलभ व लोक परलोक दोनों में ही सुख देने वाला है। रा और म दो वर्ण कहने सुनने और सुमिरन करने में बहुत मीठे हैं तथा भिन्न होते हुए भी राम-लखन, ब्रह्म-जीव और नर- नारायण की भांति सदैव एक साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम ही निर्गुण निराकार ब्रह्म व सगुण साकार दोनों का यथार्थ ज्ञान कराता है। स्वामी जी ने कहा कि रामनाम मणिदीप के समान है जो विषय विकारों की आंधी में भी दिया - बाती की तरह नहीं बुझ सकता है।

## खबर एक नज़र

### व्यापारियों ने जाम को लेकर चर्चा की



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोकसभागार में आयोजित उद्योग बंधु व्यापार मंडल एवं श्रमबंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता बाराबंकी में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। पूर्व जिलाधिकारी एवं आईआईए के चेयरमैन कैप्टेन राजेश तिवारी द्वारा मंत्री का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। व्यापार मंडल द्वारा शहर में बैटरी रिक्शा से उत्पन्न समस्याओं को बताया कि शहर में होने वाली समस्याओं सार्वजनिक शौचालय पिंक शौचालय फतेहपुर में दिन में ट्रकों द्वारा शहर जाम के बिंदु रखे। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यथा शीघ्र निस्तारण किया जाए । संचालन आशुतोष श्रीवास्तव उपायुक्त उद्योगने किया। बैठक में विधु गुप्ता,प्रमोद वैश्य,प्रदीप जैन, अभिषेक पाठक,दिलीप सतीजा, नमन जैन, मयंक गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

### पर्यावरण के लिए अत्याधुनिक तकनीकी बेहतर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक की ई-एससीवी इकाई टीवोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने पहली ई-एससीवी डीलरशिप शुरू की। पार्टनर एमजी रोडलिंक के ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित है। जहां चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की सेवा मिलेगी। डीलरशिप का उद्घाटन में सीईओ सजू नायर और एमजी रोडलिंक के निदेशक आशीष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डीलर्स, ग्राहक, सप्लायर्स और अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे। ई-एससीवी मॉडल एविएटर लांच किया। नायर ने कहा कि पहली डीलरशिप के साथ राज्य में कदम रखकर बेहद उत्साहित हैं। अग्रवाल ने बताया कि हम मोंट्रा इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं।

### 434 नर्सिंग ऑफिसर को मिली पदोन्नति

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तर प्रदेश ने 434 नर्सिंग ऑफिसर को पदोन्नति देते हुए सीनियर नर्सिंग ऑफिसर बनाया है। इस पदोन्नति के बाद खाली पड़े सीनियर नर्सिंग ऑफीसर के पदों की संख्या घटकर 600 हो जायेगी। राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि इस पदोन्नति के बाद खाली पड़े सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर नियुक्ति से जनहित में चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को इलाज में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पदोन्नति से प्रदेश भर में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग में बहुत ही ख़ुशी का माहौल व्याप्त है।

### मार्ग चौड़ाई से नाराज व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक कुर्सी रोड पर संपन्न हुई। महा योजना मार्ग की चौड़ाई से नाराज व्यापारियों ने कुर्सी रोड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से कहा यदि रोड की चौड़ाई 50 मी की जाती है तो व्यापारियों का सब कुछ बर्बाद हो जाएगा । उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना का संशोधन करके अधिक से अधिक एक साइड की रोड 30 मीटर से ज्यादा चौड़ी करण न करें। मौके पर उपस्थित संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे महासचिव नितेश सिंह आराधना फरमान सिद्दीकी, राकेश एडवोकेट, डॉ प्रकाश दुलीचंद गुप्ता विकास यादव मनीष गुंजन गुप्ता सुशील सोनी अजीत रावत मोहन जायसवाल दीपक लोधी कमलेश सिंह सर्वेश सिंह चांद सिद्दीकी अनिल यादव समीउद्दीन मोनू रावत ,आरके सिंह, इत्यादि बड़ी संख्या में कुर्सी रोड के व्यापारी उपस्थित रहे।

# निर्दोष पर्यटकों के मारे जाने के विरोध में पुतला फूंका

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के विरोध में व्यापारियों ने आतंकवाद का पुतला फूंककर पाकिस्तान का झंडा जलाया। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के तत्वाधान में सायं 5 बजे बड़ी संख्या में व्यापारी निराला नगर में एकत्र होकर जुलूस की शक्ल में हाथों में बैनर लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आईटी चौराहे पहुंचे। आईटी चौराहे पर व्यापारियों ने पहलगाम में हुए नरसंहार में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के विरोध में आतंकवाद को जूते से पीटते हुए पाकिस्तान के झंडे को आग के हवाले कर नारे लगाते हुए जबरदस्त आक्रोश व्यक्त हुए भारत सरकार से आतंकियों का समूल नष्ट करने की मांग किया। अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने इस कायरता पूर्ण घटना की कड़ी निंदा करते हुए अपील किया कि व्यापारियों के परिवार जम्मू घूमने का बहिष्कार करे। विधि संयोजके शैलेन्द्र शर्मा अटल ने जम्मू काश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग किया, महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के इशारे में आतंकवाद बढ़ रहा है जिसे हिंदुस्तान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उपस्थित व्यापारियों ने इस हृदय विदारक घटना पर नम आंखों से मृतक शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चेयरमैन सुमेर अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेंद्र सिंह, विधि संयोजक शैलेन्द्र शर्मा अटल युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, मंगलेश मिश्रा, महिला अध्यक्ष ममता जिन्दल,मंत्री प्रशांत वर्मा, अभय उपाध्यक्ष, राकेश त्रिपाठी, प्रदीप सोनकर, गोपाल अग्रवाल, रोहित जायसवाल, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

# आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रंद्धाजलि दी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शिमला पैलेस पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी गई। वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार ने कहा कि आतंकियों द्वारा बहुत ही कायराना और नीच कृत्य किया गया है। धर्म के आधार पर किया गया यह जघन्य अपराध देश और हिंदू समाज कभी नहीं भूलेगा, यह देश की संप्रभुता पर हमला है। तथा सरकार से यह मांग की कि इस घटना के पीछे जो भी लोग शामिल हो उन्हें कठिन से कठिन सजा दी जाए। महिलाओं ने भी बहुत ही आक्रोश के साथ प्रधानमंत्री जी से निवेदन किया कि जिन महिलाओं का सुहाग छीना है ऐसे दरिंदों को अब समूल विनाश होना चाहिए। इस अवसर पर हिंदू महिला सेवा समिति की संचालन मंत्री रीतानाथ, सलाहकार वंदना त्रिपाठी, उपाध्यक्ष निर्मला मिश्रा, नीलम वर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी, पत्रकार रामकृष्ण मिश्रा, संतोष वर्मा , समाजसेविका रुचिका अग्रवाल रूपम कसौंधन, राजू यादव, सोनू, अर्जुन कुंडन, सत्यम सहित सभी पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।




# एलडीए की दो हजार करोड़ की कमाई में अकेले मानचित्र ने दिए 280 करोड़

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक बार

**- वहीं अवैध निर्माणों पर सिर्फ१० लाख खर्च!**

---

**- राजधानी में बेलगाम होता जा रहा निर्माण माफिया**

---

फिर कमाई के मामले में प्रदेश के सभी प्राधिकरणों को पीछे छोड़ दिया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक एलडीए की कुल आय करीब 2000 करोड़ रुपए रही, जो अब तक की सबसे बड़ी कमाई मानी जा रही है।

**अकेले 280 करोड़ मानचित्र विभाग से आमदनी**

इस पूरी कमाई में से 280 करोड़ रुपए सिर्फ मानचित्र विभाग से आए हैं।




इसमें शामिल हैं, डवलपर चार्ज, हाईटेक सिटी शुल्क, मानचित्र निर्गत शुल्क, अनुमोदन व नक्शा संशोधन शुल्क। जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे वर्ष में अवैध निर्माणों को हटाने में एलडीए ने सिर्फ 10 लाख रुपए से भी कम खर्च किए हैं। इस राशि में जेसीबी, सिविल डिफेंस, फोर्स और मजदूरी जैसे खर्च शामिल हैं।

**क्या ये आंकड़े एलडीए की प्राथमिकता नहीं दर्शाते?**

जब एक विभाग अकेले 280 करोड़ रुपये कमा रहा हो, और उसी प्राधिकरण में अवैध निर्माणों को हटाने के नाम पर खानापूर्ति हो रही हो, तो यह स्पष्ट संकेत है कि एलडीए की प्राथमिकताएं सिर्फकमाई तक सीमित रह गई हैं, न कि नियमन तक।

**पूरा लखनऊ बना निर्माण माफिया का अड्डा**

राजधानी लखनऊ में हर इलाके चाहे गोमतीनगर विस्तार हो, अलीगंज, आशियाना, इन्दिरा नगर, या फिर रायबरेली रोड़ हर जगह अवैध निर्माणों की भरमार है। कई कॉलोनियों में बिना मानचित्र स्वीकृति के इमारतें खड़ी हो रही हैं, और एलडीए की टीम मौके पर जाकर सिर्फ नोटिस चिपकाकर लौट आती है। हाईकोर्ट तक इस पर नाराजगी जता चुका है।

**प्रश्न जो एलडीए को घेरते हैं:**

जब इतनी बड़ी आमदनी मानचित्र विभाग से हो रही है, तो क्या उसी अनुपात में नियमन और निरीक्षण हो रहा है? अवैध निर्माणों पर नाममात्र की कार्रवाई किसकी शह पर हो रही है? अगर कार्रवाई नहीं हो रही, तो क्या ये दर्शाता है कि एलडीए के भीतर कोई 'अंदरूनी गठजोड़' सक्रिय है?

कमाई की तारीफ, कार्रवाई में उदासी एलडीए ने आय के मामले में बेशक झंडे गाड़ दिए हैं, लेकिन अवैध निर्माणों पर उसकी चुप्पी और निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। इस पूरी व्यवस्था को देखकर साफलगता है कि ÷कई मंजिलें नक्शे से बन रही हैं, लेकिन नियमों की नींव खोखली है।

# यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस में व्याख्यान देंगे रमा शंकर शुक्ल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हिन्दी के बढ़ते कदम विषय पर मॉरीशस में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें भारत से 14 वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें गोरखपुर निवासी स्वर्णलता देवी एवं हरीराम शुक्ल के पुत्र रमा शंकर शुक्ल को भी विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यात्रा 2 मई से 8 मई के बीच होगी। साहित्यकार शुक्ल विश्व हिंदी सचिवालय, महात्मा गांधी संस्थान हिंदी प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित संगोष्ठियों में भी हिस्सा लेंगे। आपको बताते चले भारतीय ज्ञान परंपरा हिंदी भाषा को लेकर श्री शुक्ल ने 18 देशों में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्यान देकर अपने प्रदेश और देश का नाम बढ़ाया है। शुक्ल को 14 राष्ट्रीय एवं 33 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# धर्म सभा व शांति मार्च के जरिए जैन समाज ने मंदिर तोड़े जाने का जताया विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा की ओर से गुरुवार सुबह डालीगंज स्थित भगवान महावीर पार्क में मुंबई में तोड़े गए जैन मंदिर और जैन साधु- संतों की सुरक्षा को लेकर धर्म सभा का आयोजन किया गया। मंदिर को बनवाए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट तक शांति मार्च निकाला। मौन रखकर पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों को कभी श्रद्धांजलि दी। सुबह महावीर पार्क में मुनि श्री 108 शाश्वत सागर जी महाराज के सानिध्य में हुई धर्मसभा में मुनि श्री ने णमोकार मंत्र का पाठ किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर सभी ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के अध्यक्ष विनय जैन ने जैन साधुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कश्मीर में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। उपाध्यक्ष बंटी भैया ने कहा कि सभी जैन मंदिरों को अपने कागज पुख्ता रखने होंगे। जिससे भविष्य में किसी संकट से बचा जा सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसी जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदीश जैन व वरिष्ठ मंत्री अभिषेक जैन ने भी विचार रखे। मुनि श्री शाश्वत सागर जी ने कहा की अब एक होने का वक्त आ गया है।

## महावीर पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाला शांति मार्च

मुंबई में बीएमसी द्वारा तोड़े गए जैन मंदिर को बनवाए जाने की मांग को लेकर जैन समाज के लोगों ने महावीर पार्क से कलेक्ट्रेट तक शांति मार्च निकाला। हाथों में जिन ध्वज और महावीर स्वामी के जयकारे लगाते हुए जैन समाज के लोग शहीद स्मारक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। शांति मार्च में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे।

# पित्ताशय की सर्जरी में शोध पर आदिवीथ देब व आकाश को पुरस्कार

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. आदिवीथ देब और डॉ. आकाश अग्रवाल, जिनकी हालिया उपलब्धियों ने विभाग और

**अमेरिका में इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ सर्जन्स अनुसंधान प्रतियोगिता में मिला सम्मान**

---

विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एसजीई विभाग ने 10-12 अप्रैल के बीच चार्ल्सटन, साउथ कैरोलिना, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ सर्जन्स के 86वें वार्षिक सर्जिकल अपडेट की अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में भाग लिया था। डॉ. आदिवीथ देब ने पित्ताशय की थैली के कैंसर में एपोप्टोसिस प्रोटीन के अवरोधकों पर एक अध्ययन प्रस्तुत किया, जिसके लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार मिला। डॉ. आकाश अग्रवाल ने पित्ताशय की थैली के कैंसर में कोलेसिस्टोकाइनिन-1 और कोलेसिस्टोकाइनिन-2 रिसेप्टर्स के हेटेरोडाइमराइजेशन कार्सिनोजेनेसिस के लिए एक नया तंत्र पर अपने अध्ययन के लिए दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के लोगों ने भाग लिया और सर्जरी के क्षेत्र में अपने शोध प्रस्तुत किए। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह ने बताया कि प्रथम और द्वितीय पुरस्कार मिलना इन छात्रों के साथ-साथ विभाग के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। यह अध्ययन डॉ. अभिजीत चंद्रा की देखरेख में डॉ. जया निगम और डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।

# गोल्डन आवर का महत्व समझें युवा : सुभाष चंद्र दुबे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मार्ग दुर्घटना होने पर सबसे पहले हमारा फर्ज है की हम वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर और उसकी जान बचाकर उसका वीडियो बनाकर तब सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। तभी आप एक अच्छे नागरिक कहलायेंगे। यह बातें आई जी यातायात उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र दुबे ने कहीं। श्री दुबे मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा ए पी सेन गर्ल्स कॉलेज में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने गोल्डन आवर की महत्ता समझाते हुए कहा कि प्रत्येक छात्रा आज वचन ले कि किसी दुर्घटनास्थल पर मात्र वीडियो बनाने से अच्छा पीड़ित को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास करें एवं इस पुनीत कार्य की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर डालेंगी तो उसकी सार्थकता होगी । दुबे ने फाइव ई के सिद्धांत- एजुकेशन, एनफॉर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर आदि के बारे में विस्तार से बताया। संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या पुलिस प्रशासन की नहीं है बल्कि हर एक नागरिक की है । मुरलीधर आहूजा ने अन्य देशों का उदाहरण देते हुए भारत में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के गुर बच्चों को सिखाए तथा नियम पालन की सीख दी। कार्यक्रम की संयोजक एवम मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब प्रभारी मंजू श्रीवास्तव ने कहा की यातायात जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को बढ़ावा मिले। कॉलेज की प्राचार्या प्रो रचना श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को कॉलेज में चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया । कार्यक्रम का सफल संचालन कॉलेज चंद्रकला ने किया।



# आतंकियों के खिलाफ कड़े फैसले ले सरकार, सपा साथ : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों

**जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों के साथ हुई आतंकी घटना पर सपा मुखिया ने किया ऐलान**

---

के साथ हुई आतंकी घटना बहुत दुःखद है। समाजवादी पार्टी ऐसी घटना की निंदा करती है। हमारी मांग है कि सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। केन्द्र सरकार ने अभी जो फैसले लिए हैं उससे भी कठोर फैसले लेने चाहिए। समाजवादी पार्टी आतंक की घटनाओं के खिलाफ कठोर से कठोर फैसलों के समर्थन में है और जो फैसले लिए जा रहे हैं उन्हें कठोरता से लागू करना चाहिए। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से रूबरू अखिलेश यादव ने कहा कि इस घटना को लेकर पूरे देश में गुस्सा है। आतंकवादियों का मुख्य मकसद डर पैदा करना। नुकसान करना, प्रदेश और देश के कारोबार को रोकना और लोगों को परेशानी पहुंचाना है।



आतंकवादी किसी धर्म के नहीं है। आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है। एक सवाल के जवाब में यादव ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को ऐसी घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए। यह देश का मामला है। पूरे देश के लोग मिलकर, साथ रहकर दुनिया के बराबर चलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं को टारगेट कर एनिमेशन के जरिए तस्वीरों के साथ जो गलत बातें की जा रही है और समाज में जहर घोला जा रहा है, उसे रोके। यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है। साथ ही सरकार आंतरिक और बार्डर सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने और सोशल मीडिया के जरिए आ रही फेक न्यूज को भी रोके, जिससे गलत खबरें नेटवर्क के जरिए लोगों के बीच न आये। गलत जानकारियां सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित नहीं होनी चाहिए।





# साढ़े तीन करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को राहत



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के तीन करोड़ 45 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत फरवरी महीने के ईंधन अधिभार शुल्क की गणना के आधार पर मई 2025 में बिजली बिलों में 2 प्रतिशत की सीधी कटौती होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यह प्रदेश में पहली बार है जब बिजली की दरों में आधिकारिक रूप से कमी दर्ज की जा रही है।

इस निर्णय के पीछे उपभोक्ता परिषद की सक्रिय भूमिका रही है। परिषद ने पहले ही अनुमान जताया था कि मई महीने में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है और अब वही सच साबित हुआ है। परिषद हर महीने बिजली दरों में उतार-चढ़ाव पर नजर रखते हुए खुद फ्यूल एंड पावर परचेस्ड एडजस्टमेंट सरचार्ज की कैलकुलेशन कर रहा है ताकि पावर कॉरपोरेशन किसी भी तरह की मनमानी न कर सके। पावर कॉरपोरेशन के अनुसार, फरवरी महीने के ईंधन अधिभार शुल्क की गणना के आधार पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को कुल 170 करोड़ रुपये का लाभ मिल रहा है, जो मई के बिजली बिलों में 2 प्रतिशत की छूट के रूप में लागू होगा। इसके लिए बिलिंग सॉफ्टवेयर को भी अपडेट करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### यूनिट समायोजन न होने पर विद्युत नियामक आयोग सख्त

प्रदेश के हजारों रूफटॉप सोलर पैनल उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में वित्तीय वर्ष पूरा होने के बाद यूनिट समायोजन न किए जाने की शिकायतों पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष को निर्देश जारी करते हुए 15 दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले को बेहद गंभीर मानते हुए स्पष्ट किया है कि नियामक प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष के अंत में उनकी अतिरिक्त यूनिट का समायोजन किया जाना अनिवार्य है, जो अब तक नहीं किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने दो दिन पहले इस मुद्दे को लेकर विद्युत नियामक आयोग में एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल किया था। इसमें मांग की गई थी कि आयोग इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए पावर कॉर्पोरेशन को कार्रवाई के निर्देश दे। प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए विद्युत नियामक आयोग के सचिव की ओर से पावर कॉर्पोरेशन के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए।

## दोषी कंपनी को बचाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो : उपभोक्ता परिषद

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा विभाग में बड़ा खुलासा सामने आया है। प्रदेश के 42 जनपदों में बिजली व्यवस्था के निजीकरण का मसौदा तैयार कर रही कंसलटेंट कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई की तलवार लटक रही है। कंपनी पर फर्जी शपथ पत्र के जरिए टेंडर लेने और अहम जानकारियों को छुपाने का आरोप है। मामले के उजागर होते ही उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने स्थिति को गंभीर मानते हुए टेंडर मूल्यांकन कमेटी की बैठक बुलाने का फैसला किया है और पूरी फाइल विधिक राय के लिए अग्रसारित कर दी गई है। उधर, उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने शक्ति भवन में निदेशक कमर्शियल प्रशांत वर्मा से भी मुलाकात की और स्पष्ट कहा कि जब भी टेंडर मूल्यांकन कमेटी के सदस्य हैं, ऐसे में अब चुप बैठने का समय नहीं है। उन्हें समिति में तत्काल इस मुद्दे पर निर्णय लेना चाहिए। परिषद ने मुख्यमंत्री से भी अपील की है कि वे स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करें, क्योंकि जिन अधिकारियों को कार्रवाई करनी थी, वे उल्टे दोषी कंपनी को बचाने में लगे हैं। पावर कॉरपोरेशन के कई वरिष्ठ अधिकारी अब इस पूरे मसले से खुद को अलग दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उपभोक्ता परिषद ने साफ किया है कि कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। परिषद की नजर इस पर बनी हुई है और वह किसी भी तरह से भ्रष्टाचार को छुपाने या दबाने नहीं देगी।

## प्रदेश के 12 लाख पेंशनरों का बढ़ा महंगाई भत्ता

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राज्य सरकार ने पेंशनरों की महंगाई राहत की दर भी दो प्रतिशत बढ़ा दी है। इसका शासनादेश बृहस्पतिवार को जारी हो गया। बढ़ी हुई महंगाई राहत दर का लाभ प्रदेश के 12 लाख से ज्यादा पेंशनरों को मिलेगा। ये वृद्धि एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। इसी के साथ महंगाई राहत की दर 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो गई है। ये आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों और सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। उनके संबंध में संबंधित विभागों द्वारा अलग से निर्देश जारी किए जाएंगे। केंद्रीय सेवाओं के पेंशनरों के संबंध में अलग से आदेश पहले से जारी किए जा चुके हैं।

# प्रदेश में 40 लाख पंजीकृत बेरोजगार

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्तमान में बेरोजगारों की संख्या करीब 40 लाख का आंकड़ा छू रही है, यह 40 लाख का आंकड़ा तब है जब सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के कुल कार्यकाल में

**जबकि सीएम योगी के कार्यकाल में 13 लाख को रोजगार भी बंटे**

13 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। बावजूद यह बेरोजगारी का आंकड़ा वाकई विचलित करने वाला है। आखिर शेष 27 लाख युवा कब तक नौकरी के इंतजार में दर-दर भटकते रहेंगे?

**विदेशी नौकरी का सपना- सिर्फ इजराइल तक सीमित**

बेरोजगारी के आंकड़ों में कमी लाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे रोजगार अभियान शुरू किया है। प्रदेश में अब तक करीब 5,952 युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाया जा चुका है, जिसमें अधिकतर इजराइल गए हैं। सरकार अब जापान और जर्मनी जैसे देशों में भी रोज़गार अवसरों के लिए आवेदन मंगवा रही है। एक लाख से अधिक आवेदन वर्तमान में इजराइल के लिए होम केयर गिवर के पांच हजार पदों के लिए चल रहे हैं। जर्मनी में रोजगार के लिए जर्मन भाषा सीखना अनिवार्य किया गया है, जिसके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। मगर अभी इजरायल के अलावा किसी दूसरे देशों में नियुक्तियां शुरू तक नहीं हो सकी हैं।

**सरकारी मेलों के आंकड़ों में उत्सव, ज़मीनी हकीकत में हताशा**

प्रदेश के 75 जिलों में फैले रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रत्येक वर्ष लगभग 2,000 रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इन मेलों के जरिए करीब 3 लाख युवाओं को रोजगार दिलाया जा चुका है। इन रोजगार मेलों में आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर, इंजीनियर, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट स्तर के युवा शामिल होते हैं। मेलों के अलावा सीधे प्लेसमेंट की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है, जहां कंपनियां पोर्टल पर आवेदन देखती हैं और सीधे इंटरव्यू लेकर नौकरी देती हैं। लेकिन ज़मीनी स्तर पर यही नौकरियां न्यूनतम वेतन वाली, अस्थाई और निजी क्षेत्र में कॉन्ट्रैक्ट पर मिलती हैं। ऐसी नौकरियां न सुरक्षा देती हैं, न स्थायित्व।

**ऑनलाइन पोर्टल- आशा से ज्यादा दिखावा?**

सेवायोजन पोर्टल पर भले ही रोजगार की सूचनाएं भरी पड़ी हों, लेकिन युवाओं का अनुभव कहता है कि इन पोर्टलों पर मौजूद जॉब अपडेट्स कई बार पुरानी होती हैं, या फिर ऐसी कंपनियों की होती हैं जो न्यूनतम वेतन पर भर्ती करती हैं। कौशांबी से लखनऊ आकर आईटीआई कालेज से फिटर कर रहे छात्र तनय देव का कहना है कि 'सेवायोजन पोर्टल पर ज्यादातर प्राइवेट नौकरियां ही होती हैं, और उनमें भी अधिक पुरानी ही पड़ी हैं, लगता है कि कभी पोर्टल अपडेट नहीं किया जाता।'

**पिंक जॉब फेयर: महिलाओं के लिए खास पहल**

प्रदेश सरकार ने 'पिंक जॉब फेयर' की भी शुरुआत की है, जिसमें केवल महिलाओं के लिए नौकरियों के अवसर प्रस्तुत किए जाते हैं। मगर ज्यादातर महिला छात्रों को इसकी जानकारी ही नहीं हो पाती है।

**तो क्या बेरोजगारी कम हुई है?**

प्रदेश में 40 लाख से अधिक रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं, लेकिन इनमें से कई युवाओं ने रोजगार प्राप्त करने के बाद भी पोर्टल से रजिस्ट्रेशन नहीं हटवाया है। यही कारण है कि वास्तविक बेरोजगारी दर कम होने के बावजूद आंकड़े अधिक दिखाई देते हैं। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि रोजगार मेलों और विदेशों में नौकरी के नए रास्ते बेरोजगारी को तेज़ी से कम कर रहे हैं।

> उत्तर प्रदेश अब सिर्फ स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपने युवाओं को रोजगार दिलाने में सफल हो रहा है। 'रोजगार संगम' पोर्टल और लगातार लग रहे रोजगार मेलों ने लाखों युवाओं को रोज़गार का नया रास्ता दिखाया है। लगातार बेरोजगारी के आंकड़ों में कमी आ रही है।
>
> **मिथिलेश कुमार, जिला रोजगार सहायता अधिकारी उ0प्र0 सेवायोजन विभाग।**

**सरकार की नाकामी या योजनाओं का खोखलापन?**

जब हर साल लाखों युवा डिग्री लेकर सिस्टम के दरवाज़े पर खड़े हों, और उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक को कोई ठोस नौकरी न मिले, तो यह सिर्फ 'योजनाओं की असफलता' नहीं, बल्कि नीति निर्धारकों की ज़िम्मेदारी से भागने की कहानी भी है।

# स्वच्छता, टैक्स सुधार व जलभराव की समस्या से उबरेगा शहर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को नये नेतृत्व का स्वागत किया। 2018 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी गौरव कुमार ने नगर आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। नगर निगम मुख्यालय में पूर्व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने उन्हें पदभार

**गौरव कुमार ने नगर आयुक्त का कार्यभार संभाला, लखनऊ स्मार्ट सिटी के सीईओ का भी निभायेंगे दायित्व**

सौंपा। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गौरव कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही गौरव कुमार ने लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का भी पदभार ग्रहण किया। चंडीगढ़ निवासी गौरव कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ से ही प्राप्त की है और वे मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले वे तकनीकी और प्रबंधन से संबंधित क्षेत्रों में भी दक्षता प्राप्त कर चुके हैं। अपने प्रशासनिक जीवन में उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए कुशल प्रबंधन और जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया है।

पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी प्राथमिकताओं को साझा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि



एक संवेदनशील, जवाबदेह और पारदर्शी शहरी प्रशासन स्थापित करना होगा।

**स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता**

नये नगर आयुक्त ने कहा कि शहर की साफ-सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें नागरिकों की भी भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को दुरुस्त किया जाएगा और घर-घर कूड़ा संग्रहण, सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया को तकनीकी आधार पर सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ को शीर्ष पर लाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया।

**टैक्सेशन प्रणाली में पारदर्शिता और सुधार**

नगर आयुक्त ने नगर निगम की आय बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए टैक्सेशन प्रणाली को मजबूत और पारदर्शी बनाने की बात कही। संपत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली में पारदर्शिता लाई जाएगी और करदाताओं को डिजिटल माध्यमों से भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान**

लखनऊ के कई क्षेत्रों में हर वर्ष बरसात के दौरान जल भराव की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने इसे नगर निगम की प्राथमिक चुनौतियों में से एक बताया और कहा कि जल निकासी की प्रणाली को दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए नालियों की समयबद्ध सफाई, ड्रेनेज नेटवर्क की मैपिंग और निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

**जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान**

नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम को एक जनोन्मुखी संस्था के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं होगा। जनता की शिकायतों के समाधान के लिए एक प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली लागू की जाएगी, जिसमें ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने से लेकर समयबद्ध समाधान तक की व्यवस्था होगी।

**सर्वांगीण और समावेशी विकास**

नगर आयुक्त ने कहा कि वे निगम अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं के साथ मिलकर शहर के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करेंगे। उनका मानना है कि जब सभी वर्गों की भागीदारी होती है, तभी शहर का समुचित और संतुलित विकास संभव होता है।

# खुद ही सजा देने के शौक ने बनाया गुनाहगार

**तफ्तीश**

**लखनऊ।** वो अपराधी नहीं थे, लेकिन आज एक जघन्य कांड के आरोप बन गये। उनके ऊपर कोई छोटा-मोटा अपराध नहीं बल्कि दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप है। यह आरोप उनके ऊपर किसी को खुद सजा देने के चढ़े शौक के कारण लगा है और मौजूदा समय तीन लोग सलाखों के पीछे हैं और तीन आरोपियों को चिंहित कर पुलिस सरगर्मी से खोज रही है।

वाक्या राजधानी के पॉश इलाके गोमतीनगर है। सभी लोग अपने-अपने घरों में सो रहे थे। इसी बीच दो लोग एक घर में घुसे और चोरी करने लगे। खटपट की आवाज पर परिवार वालों की नींद टूट गयी। इस पर घर में घुसे आरोपी भागने लगे, लेकिन परिजनों ने उन्हें दबोच लिया। शोर-शराबा हुआ तो आस-पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। सबमें माजरा जानने की चाह हुई। जानकारी हुई कि चोर पकड़ गए। बस फिर क्या, सबके अंदर की भड़ास बाहर आ गयी और पुलिस को सूचना देने के बाद चोरों की पिटाई शुरू कर दी। पहले थप्पड़, लात-घूंसे चले और फिर चोरों को रस्सी से बांध दिया गया। इसके बाद बेल्ट, बैट और डंडे से दोनों की सभी ने जमकर पिटाई करनी शुरू कर दी। इतना पीटा कि दोनों के पूरे शरीर नीले पड़ गए और वह बेहोश हो गए। इसके बाद भी मौजूद लोगों ने पुलिस को इत्लाह करने की जहमत नहीं उठाई। अधमरे दोनों चोरों को उठाया और रात के सन्नाटे में रेलवे ट्रैक किनारे फेंक अपने-अपने घरों में जाकर फिर सो गए। रात भर इलाज के अभाव में दोनों घायलों ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। उधर सुबह पॉश इलाके में रेलवे ट्रैक किनारे दो लाशें मिलने से हड़कंम मच गया। दोहरे हत्याकांड की खबर से पुलिस भी हलकान रह गयी। आनन-फानन में पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फिर शुरू की मामले की तफ्तीश। अभी तक किसी को यह पता ही नहीं था कि आखिर इतनी बेरहमी से पीटकर दो लोगों को मौत के घाट उतारा क्यों गया है।

पुलिस अफसरों के दिशा निर्देश पर पुलिस की चार टीमें सनसनीखेज हत्याकांड के खुलासे के लिए ऐड़ी से चोटी का जोर लगाने लगीं। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और सर्विलांस टीम की मदद के साथ घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने लगे। पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ मामले का राज उजागर करने की कवायद में लगी थी। उधर मुखबिर तंत्र विभिन्न क्षेत्रों में फैल कर सुगबुगाहट पर नजर रखे थे। सीसीटीवी खंगालने पर पुलिस को कुछ लोग नजर आए, इधर मुखबिर तंत्र ने विराजखंड में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दी। पुलिस ने सभी साक्ष्य इकट्ठा करते हुए मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की और तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरी के आरोप में उन्होंने अन्य लोगों के साथ मिलकर बेरहमी से दोनों की पिटाई की थी। मारने-पीटने के साथ ही उन्हें जमकर बेइज्जत भी किया था। चेहरे पर कालिख से 420 लिखा था। जब वह बिल्कुल मरणासन्न हो गए तो रेलवे ट्रैक किनारे फेंक गए थे। सुबह उन्हें दोनों के मर जाने की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए और कानून के शिकंजे में फंसने का डर सताने लगा। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल में इस्तेमाल डंडा, बेल्ट और बैट भी बरामद किया। पूछताछ में सामने आए तीन और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम विभिन्न जनपदों में डेरा डाले है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का दावा किया जा रहा है। आज दोहरे हत्याकांड के आरोपी बने लोगों ने अगर पुलिस को सूचना दी होती तो वह उन्हें कानून का सबक सिखाती और इन्हें जेल की हवा न खानी पड़ती, लेकिन खुद ही सजा देने के शौक ने उन्हें गुनाहगार बना डाला।

**- हिमांशु त्रिपाठी**

# आतंकियों के खिलाफ बढ़ा गुस्सा, सड़क पर उतरे डॉक्टर, नर्स व कर्मचारी




**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत से कई पर्यटकों की जान चली गई, जिससे आम लोगों में दुख और गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। उसी दुख और गुस्से को जाहिर करने के लिए राजधानी में भी पैदल मार्च और प्रदर्शन का दौर जारी है। गुरुवार को केजीएमयू टीचर एसोसिएशन के समर्थन में नर्सेस एसोसिएशन और कर्मचारी संगठन भी उतर आए और सड़क पर उतरकर पीड़ितों को न्याय दिलाने और आतंक के खात्मे की मांग की। शांतिपूर्ण मार्च का संचालन केजीएमयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. के.के. सिंह ने किया। यह शांति मार्च केजीएमयू स्थित कुलपति कार्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक निकाला गया। जिसमें करीब 1 हजार लोगों ने हिस्सा लिया,

**पीड़ितों को न्याय दिलाने व आतंक के खात्मे की मांग**

जिसमें डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी शामिल हुए। इस शांति मार्च का नेतृत्व स्वयं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने किया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा है कि इस आतंकवादी हमले में निर्दोष भारतीयों की मौत पर पूरा केजीएमयू परिवार शोक व्यक्त करता है, दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। केजीएमयू नर्सेस एसोसिएशन के संरक्षक प्रदीप गंगवार ने कहा कि हम सभी सरकार के साथ हैं, सरकार इस मामले में सख्त कदम उठाए, यही हमारी मांग है। शिक्षकों, छात्रों व अन्य कर्मचारियों की भावनाओं को देखकर किया गया। मार्च में शिक्षक संघ के महासचिव डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अनित परिहार, डॉ. अविनाश अग्रवाल, डॉ. बी.के. ओझा, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव, डॉ. पवित्र रस्तोगी, डॉ. सुहैल, डॉ. अमरीश कुमार, डॉ. यू.एस. पाल, डॉ. विश्वजीत सिंह, आर.डी.ए. के अध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह और डॉ. ओझा, कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री अनिल कुमार, नर्सिंग एसोसिएशन की यदुनंदनी ने अपने संगठन के लोगों के साथ लगभग एक हजार की संख्या में शहीद स्मारक तक मार्च में शामिल रहे।

### लोहिया संस्थान में दिवंगत आत्माओं को दी गई श्रद्धांजलि

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। संस्थान के निदेशक, सीएम सिंह ने कहा कि इस दुखद घटना से हमें गहरा दुःख पहुंचा है। हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। शोक सभा में संस्थान के संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

# मलेरिया से बचाव संभव, थोड़ी सी सावधानी, समय पर इलाज

**विश्व मलेरिया दिवस**

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मलेरिया प्लाजमोडियम परजीवी के कारण होने वाली जानलेवा बीमारी है जो कि मनुष्यों में मादा एनाफीलिज मच्छर के काटने से होती है। गर्मियों में इसका प्रकोप बढ़ जाता है विशेषकर उष्ण कटिबंधी एवं उप उष्णकटिबंधी देशों में जहाँ गर्मी का मौसम और रुका हुआ पानी मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल होता है। सरकार ने मलेरिया का उन्मूलन का लक्ष्य साल तय किया गया है। इसको लेकर योगी सरकार प्रतिबद्ध है और मलेरिया नियंत्रण के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास जारी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है कि विगत वर्षों में राज्य में मलेरिया के मामलों में कमी आई है। परन्तु अभी भी यह एक जनस्वास्थ्य समस्या बनी हुई है जिससे निजात पाने के लिए हमें ठोस रणनीतिक कदम उठाने होंगे। समय पर पहचान, प्रभावी उपचार, मच्छर नियंत्रण और जनजागरुकता के माध्यम से हम राज्य के प्रत्येक कोने से मलेरिया को समाप्त करेंगे। हर नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी और विभाग की इस अभियान में अहम भूमिका है। डॉ. मधु गैरोला, निदेशक, संचारी रोग बताती हैं कि मलेरिया की पुष्टि के लिए रैपीड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) किट अथवा माइक्रोस्कोपी जांच की जाती है। यह किट आशा कार्यकर्ता सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। मलेरिया की पुष्टि होने पर त्वरित उपचार प्रदान किया जाता है। जिसका फॉलोअप आशा कार्यकर्ता द्वारा निर्धारित नियमीट अंतराल पर किया जाता है। मलेरिया रोग के प्रसार को कम करने के लिए सभी रोगियों के सापेक्ष 24 से 48 घंटे के अंदर केस बेस्ड एक्टिविटी की जाती है।

## केजीएमयू में लीवर प्रत्यारोपण के बाद मरीज की मौत

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू में लीवर प्रत्यारोपण के बाद मरीज की हालत अचानक बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। मंगलवार को मरीज का लीवर प्रत्यारोपण हुआ था। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफसर केके सिंह ने कहा कि प्रत्यारोपण व मरीज की सेहत की निगरानी में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। इसके बावजूद मरीज को नहीं बचाया जा सका। मोहनलालगंज स्थित धर्मावत खेड़ा निवासी जितेंद्र रावत को लिवर की गंभीर बीमारी थी। मरीज का इलाज गोमतीनगर के निजी अस्पताल में चल रहा था। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद लिवर खराब होने की पुष्टि की। लिवर ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी। परिवारीजनों ने केजीएमयू में लिवर प्रत्यारोपण के लिए संपर्क किया। 21 अप्रैल को केजीएमयू में अंगदान हुआ। डॉक्टरों की तरफ से लिवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे जितेंद्र के परिवारीजनों के पास फोन पहुंचे।

# मृतक शुभम की पत्नी समेत परिजनों का हॉल-बेहाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर के हाथीपुर गांव में शुभम के शव के पास बैठी पत्नी की गमगीन आवाजों में उसकी जुबानी व आंखों

**मृतक की 85 वर्षीय दादी बोली मरने से पहले पोतबहू देख लूं सब सपना हो गया...**

देखी कहानी...आतंकी मुझे भी गोली मार देते; याद में 48 घंटे पहने रही पति की शर्ट कानपुर के शुभम को मारीऱ्गान लगाकर पूछा- हिंदू या मुसलमान, कलमा सुनाओ; मैं और शुभम मैगी खाने जा रहे थे। पापा वॉशरूम गए थे, इस दौरान एक आदमी पीछे से आया। उसने गन रखकर शुभम से पूछा-हिंदू हो या मुसलमान? अगर मुसलमान हो तो पहले कलमा पढ़कर सुनाओ। मैंने हंसते हुए उससे पूछा-क्या हुआ भइया? तब उसने मुझसे भी पूछा- हिंदू हो या मुसलमान? मैंने कहा-हिंदू हूं। इसके बाद उसने मेरे पति को गोली मार दी। सबसे पहले शुभम को गोली मारी, फिर वहां लाशें बिछती चली गईं। शुभम के शव के पास बैठी ऐशन्या बिलख रही थीं, तो कभी बेसुध हो जा रही थीं। वह बार-बार पति की फोटो देखती और उस पर हाथ फेर रही थीं।

संजय द्विवेदी कानपुर में सीमेंट कारोबारी हैं। उनका परिवार महराजपुर थाना क्षेत्र के गांव हाथीपुर का मूल निवासी है। वर्तमान में वह कानपुर के श्यामनगर में परिवार के साथ रहते हैं। 31 वर्षीय कारोबारी शुभम की शादी दो महीने पहले 12 फरवरी को यशोदा नगर निवासी ऐशन्या से शादी हुई थी। एक दिन पहले पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे आतंकियों ने हमला कर दिया। भाई बोला-घुड़सवारी करते हुए दोनों पहाड़ी पर गए थे शुभम के भाई सौरभ ने बताया- भैइया और भाभी सोनमर्ग, गुलमर्ग घूमने के बाद पहलगाम पहुंचे थे। हमारी उनसे फोन पर बात हुई थी। पता चला कि शुभम और उनकी पत्नी ऐशन्या घुड़सवारी करते हुए पहाड़ों की ऊंचाई तक गए थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य नीचे ही थे अचानक वहां भगदड़ मच गई। मृतक के पिता संजय द्विवेदी कहते हैं- मेरा बेटा, उसकी पत्नी और साली 'मिनी स्विट्जरलैंड' गए थे, जो काफी ऊंचाई पर है। हम उस जगह से 7 किलोमीटर पहले एक रेस्टोरेंट में रुके थे जब आतंकवादी आए तो वे कुछ नाश्ता कर रहे थे। उन्होंने मेरे बेटे के सिर में गोली मार दी। हमने श्रीनगर में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की, और हमने उन्हें बता दिया है कि हम क्या चाहते हैं।

**शुभम के चाचा ने कहा आतंकियों को छोड़ना नहीं है**

पिछले काफी दिनों से जब से धारा-370 हटी है तो ऐसा माहौल बना है, विश्वास जगा है आम जनमानस में कि अब वहां पर शांति है। अब वहां पर कोई आतंकी घटना नहीं होती है। ऐसा लग रहा था कि सरकार ने पूरी स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रण में कर लिया है। संभवतऱ् काफी दिनों से लोग खूब आ-जा भी रहे हैं। मिलने जुलने वाले भी कई लोग गए तो बच्चों ने भी जम्मू जाने का प्लान कर दिया। परिवार ने इसलिए प्लान बनाया कि अब वहां कोई खतरा नहीं है। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ और कहीं न कहीं सुरक्षा में चूक के चलते आतंकियों ने हमला कर दिया। इतनी बड़ी घटना के बाद आतंकियों को छोड़ना नहीं है। शुभम की 85 साल की दादी विमला द्विवेदी ने कहा- मेरा पोता तो चला गया, अब वो तो मिलना नहीं है। हम क्या करें, क्या कहें और क्या ही सुनें। एक मेरा ही बेटा नहीं, इतने लोग मारे गए हैं, सबकी माताएं तड़पती होंगी। अगर सरकार जम्मू-कश्मीर को आतंकियों से सुरक्षित नहीं कर पा रही है। तो वहां जाने वाले बाहरी लोगों को रोक देना चाहिए। मैंने शुभम से कहा था- शादी कर लो, मैं मरने से पहले बहू का मुंह तो देख लूं। मुझे क्या पता था कि वो खुद हमें छोड़कर चला जाएगा। जब मैं उसके कमरे की तरफ जाती हूं तो यकीन नहीं होता कि वो अब नहीं है।

> हमने तो माथे की बिंदी उतार दी यही नहीं अल्लाह का नाम भी लिया फिर पति को गोली मार दी जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में अपने पति को खोने वाली पुणे की एक महिला का ऑडियो में कहते सुना जा सकता है कि जब हमलावरों ने पुरुषों से अजान पढ़ने की बात कहते देखा तो उन्होंने समूह की अन्य महिलाओं ने आनन-फानन में अपने माथे पर लगी बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहना शुरू कर दिया फिर भी धार्मिक पहचान छिपाने की नाकाम कोशिश विफल रही असलहाधारी आतंकियों ने उनके पति समेत मित्र को भी नहीं बक्शा।





# एसपी ने तीन थाना प्रभारियों को किया लाइन हाजिर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के संभल जिले में हुई हिंसा के बाद सख्त रूख अख्तियार करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुरुवार को तीन थाना प्रभारियों समेत दो उपनिरीक्षक व एक निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया है। यही नहीं कई पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्रों में भी बदलाव किया गया है।

एसपी के मीडिया प्रभारी के मुताबिक हयातनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक चमन सिंह, ऐंचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी उप निरीक्षक रूकमपाल सिंह, बहजोई थाने के क्राइम इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी लक्ष्मणगंज चंदौसी उप निरीक्षक पंकज कुमार बालियान, स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक मोहित कुमार को लाइन हाजिर करने के साथ ही प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह को धनारी थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं एएचटीयू थाना व मानवाधिकार प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक मेघपाल सिंह को बनियाठेर थाना प्रभारी बनाया गया है। सबसे अधिक संवेदनशील संभल कोलवाली की जिम्मेदारी साइबर क्राइम थाने में तैनात अमरीश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रभारी अनुज कुमार तोमर को हजरत नगर गढ़ी थाने की जिम्मेदारी मिली है। अपराध शाखा के निरीक्षक रजनीश कुमार को नखासा थाना प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा के निरीक्षक संत कुमार को जुनावई प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी संजीव कुमार ऐंचोड़ा कंबोह थाना प्रभारी होंगे। निरीक्षक अमित कुमार को अपराध शाखा से साइबर क्राइम थाने का प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा के निरीक्षक सत्य विजय सिंह को एएचटीयू थाने की जिम्मेदारी मिली है। प्रभारी निरीक्षक बहजोई विनोद कुमार मिश्रा को जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक के पीआरओ उपनिरीक्षक संजीव कुमार को हयातनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिरसी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक बोबिन्द्र कुमार को स्वाट टीम का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा धनारी प्रभारी निरीक्षक बाबूराम गौतम को गैर जनपद स्थानांतरण होने की वजह से लाइन भेजा गया है।

# लापता ट्रक मालिक का हाइवे किनारे पड़ा मिला शव

**स्वतंत्र भारत मोहनलालगंज।** झारखंड प्रदेश के धनबाद थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी रियाज ने बताया वो ट्रक में खलासी है। उसके मालिक एहसान असांरी (55) निवासी न्यू आजादनगर ईदगाह मोहल्ला थाना भूली जनपद झारखंड अपना ट्रक खुद चलाते है। मगंलवार की दोपहर ट्रक लेकर झारखंडड़ से मोहनलालगंज के यूपीएएल फैक्ट्री में सीमेंट की चादरे लोड करने के लिये मालिक एहसान अंसारी के साथ आया था। बुधवार की सुबह छह बजे के करीब मालिक टहलने की बात कहकर फैक्ट्री से पैदल निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे, जिसके बाद उनके मोबाइल पर करीब 20बार फोन किया लेकिन नहीं उठा। जिसके बाद ट्रांसपोर्टेर समेत गायब मालिक के परिजनों को फोन कर सूचना दी। गुरूवार की सुबह झारखंड से मोहनलालगंज स्थित फैक्ट्री पहुंचे मालिक के भाई सब्बू अंसारी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये तलाशने की गुहार लगायी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता ट्रक मालिक की तलाश शुरू की तो फैक्ट्री के बाहर बाउड्री के पास उगी झाड़ियों में लापता एहसान का शव पड़ा मिला। उसके सिर व कमर में चोट के निशान थे। पुलिस ने मृतक ट्रक मालिक के शव को कब्जे में लेकर जामा तलाश ली एक पैंट की जेब से 13 हजार रुपये व दूसरी जेब से सौ रूपये बरामद हुये। पुलिस को शव मिलने वाले स्थान से कुछ दूरी पर एक कार के टूटे शीशे समेत पार्ट पड़े मिले है। वहीं मृतक की टोपी नाले में पड़ी मिली है, हालांकि पुलिस मृतक का मोबाइल फोन बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस ने मृतक ट्रक मालिक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।सूचना के बाद एसीपी रजनीश वर्मा व प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।मृतक एहसान के परिवार में पत्नी रूबी खातून व एक बेटा आसिफ व बेटी गुनगुन है। प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया फैक्ट्री से सुबह निकलकर हाइवे पर टहलने के दौरान किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक मालिक की मौत की बात जांच में निकलकर सामने आयी है। मृतक मालिक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा गया है,पोस्टमार्टम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

**अदालती सूचना (रेस्पाडेन्ट)**
**न्यायालय तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश मीरजापुर**

**प्रकीर्ण वाद सं0 02 सन् 2022**

1- अरविन्द कुमार राय पुत्र स्व0 बटुक नरायन राय नि0- मौजा, मगरदह, पोस्ट-
हलिया, तप्पा-उपरौध, परगना-कंतित, तहसील-लालगंज, जिला-मीरजापुर
आदि अपीलकर्तागण 1 ता 7

**बनाम**

2- सिद्धार्थ सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व0 संग्राम सिंह हाल पता- मगरदहा, पोस्ट-हलिया, तप्पा उपरौध परगना कंतित, तहसील-लालगंज, जिला-मीरजापुर

**विपक्षी** ...........

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतातारिख 13 माह 05 सन् 2025 बवक्त 07 बजे स्वयं या मार्फत वकील उपस्थित हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वकील एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**तारीख पेशी 13.05.2025**

**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.-161/**D-CN**

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम
## अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-हरदोई

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना दिनांकः 25 अप्रैल, 2025

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 14/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शाहाबाद के उपखण्ड-प्रथम शाहाबाद एवं पिहानी सवायजपुर के कार्यक्षेत्र में जमा योजना अन्तर्गत नये संयोजनों/लाईनों/क्षमतावृद्धि का कार्य प्रपंत्र शुल्क रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 36000.00
2. 15/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय के कार्यक्षेत्र में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय हरदोई की क्षमतावृद्धि का कार्य प्रपत्र शुल्क रू० 5900, धरोहर धनराशि रू0 701000.00
3. 16/विविमंह/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शाहाबाद के समस्त उपखण्डों के में स्थापित 33 केवी0, 11 केवी० एल०टी० लाईनों एवं तत्सम्बन्धी पोलो के टूटने/क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत/बदलने का कार्य प्रपत्र शुल्क-रू0 3540, धरोहर धनराशि रू0 32000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथिः 08 मई 2025, 14:00 बजे तक।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्पित की जाएगी।

पत्रांक- 824/विविमंह/टी-14-16
दिनांकः- 24.04.2025
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल,
हरदोई

**H.C.J. Art VII-2 नमूना काबि फरोख्त**
**सम्मन वास्ते करारदार उमर तनकीह**
**(आर्डर 5, काया 1 व 5)**
**वअदालत सिविल कोर्ट (जू डि)**
**स्थान हैदरगढ़, जिला बाराबंकी**
**नम्बर मुकदमा न 73/2024 सन 2025**
**कृष्ण कुमार**
**बनाम**
**हर खास आम जायदाद स्व0 नन्हे गिरि**

प्रार्थना पत्र अ0 धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
शपथ पत्र समर्थित प्रार्थना पत्र

मैं कृष्ण कुमार उम्र बालिग पुत्र स्व0 नन्हे गिरि निवासी ग्राम दांदूपुर पोस्ट सराय रावत परगना सुबेहा तहसील जिला बाराबंकी सशपथ बयान करता हूंः -

1. मृतक का नाम एवं मृत्यु का दिनांक - नन्हे गिरि पुत्र भुइंया गिरि
मृत्यु दिनांकः- 22.07.2024

चूंकि उपरिनामांकित ने अपने नाम एक नालिश बाबत के दायरे की है लिहाजा हुक्म होता है आप बतारीख 22/5/2025 को 10:00 बजे दिन के अमालतन मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिफ किया हो और कुछ उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स हो कि ऐसे सवालत को दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिस पर आप आपको जवाबदेही के इस्तेदलाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा और हाजिरी आपके मसमूअ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदला के बतारीख ई0 को जारी किया गया।

**तारीख पेशी- 22-05-2025**

**जज**

सी.आर.-153/**D-CN**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मकरी
## वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ

पत्रांक- मेमो दिनांक- 22.04.2025

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम/42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग इंट/जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल/प्रिकास्ट कंकरीट बैच/सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट- नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मकरी
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत मकरी
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
अति अल्पकालीन ई-निविदा
**सूचना संख्या 04/05/ECTC/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 04, कार्य का नाम- विद्युत पारेषण मण्डल गोण्डा के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र बलरामपुर पर जानपदीय वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य।, कार्य की अनुमानित लागत :- रु0 10.67 लाख, कार्यावधि :- 12 माह। 05, कार्य का नाम- विद्युत पारेषण मण्डल लखनऊ-प्रथम के अन्तर्गत 400 के0वी0 उपकेन्द्र, जेहटा लखनऊ एवं 220 के0वी0 उपकेन्द्र, सतरिख रोड, लखनऊ पर जानपदीय वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य।, कार्य की अनुमानित लागत :- रु0 24.93 लाख, कार्यावधि :- 12 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक- 24.05.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 26.05.2025 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ०प्र० एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।** पत्रांकः 1380-वि.जा.पा.मं.(ल.) /निविदा दिनांकः 23.04.2025

"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"

## कार्यालय जिलाधिकारी, श्रावस्ती
(खनन अनुभाग)

पत्रांकः 98 /खनन /2025-26 दिनांक 23 अप्रैल, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिसूचना दिनांक 15-01-2016 Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016 तथा Enforcement and Monitoring Guidelines for Sand Mining 2020 के अनुसार जनपद श्रावस्ती में नये खनन क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए नवीन ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार किया गया है, जिसे गठित Sub Divsional Committee (SDC) द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

जनपद श्रावस्ती के ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को तैयार कर सर्वसाधारण से टिप्पणी/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु जनपद श्रावस्ती की पब्लिक डोमेन http://shravasti.nic.in पर 30 दिन हेतु अपलोड किया गया है तथा कार्यालय अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एवं खनन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। सर्वसाधारण से प्राप्त टिप्पणी/आपत्तियों पर विचार किया जायेगा और उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें अंतिम रूप से दी जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (DSR) में शामिल किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त के सम्बन्ध में अपना सुझाव/आपत्ति देना चाहता है तो वह 30 दिवस के अन्दर कार्यालय जिलाधिकारी (खनन विभाग) श्रावस्ती में प्रस्तुत कर सकता है।

(अजय कुमार द्विवेदी)
जिलाधिकारी
श्रावस्ती

उ0प्र0 232883 दिनांक- 24.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा**
**न्यायालय अतिरिक्त उपजिलाधिकारी**
**सदर, मीरजापुर**

**वाद सं0 T 202416530107706**
**सन् 2024 मनोज कुमार बनाम् सुरेश आदि**
**अ0 धारा 116 बाबत ग्राम-नेवढ़िया तप्पा-कोन, परगना-कंतित**
**तह0-सदर, जिला-मीरजापुर**

1- सुरेश पुत्र ज्वाला 2- धर्मेन्द्र कुमार 3- ज्ञानेन्द्र कुमार 4- अरूण कुमार 5- राजेन्द्र कुमार 6- जयनेन्द्र कुमार पुत्रगण अंकलेश्वर 7- ज्योति त्रिपाठी पत्नी स्व0 आनन्द 8- समृद्धि त्रिपाठी पुत्री स्व0 आनन्द 9- रविन्द्र त्रिपाठी 10- मुकेश त्रिपाठी 11- पवन 12- राजन 13- नितिन 14- नीरज 15- लिटिल पुत्रगण ताड़केश्वर समस्त निवासीगण बाबत ग्राम-नेवढ़िया, तप्पा-कोन, परगना-कंतित, तहसील-सदर, जिला- मीरजापुर 16- भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत नेवढ़िया तप्पा-कोन, परगना-कंतित, बजरिए अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति नेवढ़िया तह0-सदर, जिला- मीरजापुर हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतातारिख 05 माह 05 सन् 2025 बवक्त 07.00 बजे बमुकाम असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से वाकई से वाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके। हाजिर हूजिए और जवाब देही दावा को कीजिए और हर माह वही तारिख जो आपके हाजिरी के लिए मुकर्रर है। वास्ते इनफ्किसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

**तारीख पेशी 05.05.2025**

**दस्तखत हाकिम व मुहर अदालत**

सी.आर.-161/**D-CN**

**सम्मन तनकीह**
**न्यायलय श्रीमान उपजिलाधिकारी**
**सदर रायबरेली**

नवाब अली बनाम राजेंद्र प्रसाद आदि
1. जन्मेजय मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्रा
2. मृतुन्जय मिश्रा पुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्रा
3. श्रीमती शीला पत्नी स्व. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा समस्त निवासी गण 92/1 फिरोज गाँधी नगर रायबरेली।

हरगाह वादी ने आप के नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28-04-2025 को 10 बजे दिन के असालत या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिफ दिया गया और कुल उमूरात अहम मुकदमा मुतालिया का जवाब दे सके। हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसकी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिस पर आप ताईद अपनी जवाबदेही के हस्तदालाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा और हाजिरी आपके मजहुम और फैसला होगा।

**न्यायाधीश**

सी.आर.-159/**D-CN**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुरहुरपुर
## वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ

पत्रांक- मेमो दिनांक- 22.04.2025

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम/42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग इंट/जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल/प्रिकास्ट कंकरीट बैच/सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट- नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुरहुरपुर
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत सुरहुरपुर
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

## कार्यालय ग्राम पंचायत अरैला
## वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ

पत्रांक- मेमो दिनांक- 22.04.2025

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम/42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग इंट/जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल/प्रिकास्ट कंकरीट बैच/सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट- नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अरैला
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत अरैला
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद-मऊ

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd., General Manager (Agra Zone) invites online Item Rate/percentage rate bids in two bid system for- NIT No.-81 Dated-21-04-2025, e-tender Construction of Lift Well and Installation of Lift 01 Nos. for OPD Block and Renovation of Lift Well and Installation of Lift 01 No. for Radiology Department in S.N. Medical College Agra. Last date of submission of offers upto 02:00 P.M on Dated-29.04.2025, all other details on:-website; **www.etender.up.nic.in** and **www.uprnn.upsdc.gov.in**.

## पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:- **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2025-33; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- सहायक मंडल इंजी०/उत्तर/गोण्डा के कार्यक्षेत्र में लिमिटेड हाइट सबवे पर 5 एच.पी. के. पम्प से जल निष्कासन का कार्य।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹77,67,841/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,55,400/-; **समापन अवधिः** 12 माह। **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-33** के लिए ई-निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू-31 लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2025-30-32**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- **(1)** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2025-30, कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर/ सीतापुर के अधिकार क्षेत्र में LHS पर 5 HP पंप से जमा पानी को बाहर निकालने का कार्य।, अनुमानित लागत (रू) : 3764167.50, अग्रिम धन (रू) : 75300.00, समापन अवधि -12 माह **(2)** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2025-31, कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर/ बहराइच के अधिकार क्षेत्र में LHS पर 5 HP पंप से जमा पानी को बाहर निकालने का कार्य।, अनुमानित लागत (रू) : 3248161.92, अग्रिम धन (रू) : 65000.00, समापन अवधि -12 माह **(3)** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2025-32, कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर/ मैलानी के अधिकार क्षेत्र में LHS पर 5 HP पंप से जमा पानी को बाहर निकालने का कार्य।, अनुमानित लागत (रू) : 1874361.00, अग्रिम धन (रू) : 37500.00, समापन अवधि -12 माह **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-30-32 तक के लिये ई-निविदा दिनांक 16.05.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-28 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/ साधारण प्रारूप**
**न्यायालय उप जिलाधिकारी,**
**सरोजनी नगर, लखनऊ**
**पत्रांकः /आर.ए./2025 दिनांकः फरवरी, 2025**
**वाद संख्या :- टी-202414460500949**
**रज्जनलाल बनाम नन्हा**

धाराः- 207, उ.प्र. राजस्व संहिता 2006
तहसील सरोजनी नगर व जिला लखनऊ
आदेशानुसार उक्त पत्रावली की सुनवाई दिनांकित - 25-04-2025 को नियत है जिसमें नन्हा तिथि पर उपस्थित हो।

चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 25/05/2025 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .... के दिवस को दिखाई गयी।

**तारीख पेशीः- 25-04-2025**

**न्यायालय की मोहर**

सी.आर.-160/**L-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 30.04.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 288 वर्ष 2024 मोहित कुमार गुप्ता बनाम श्रीमती मालती आदि बनाम 1- श्रीमती मालती पत्नी स्व. रामलखन गुप्ता निवासी सराय काइयां तह. सदर जिला शाहजहांपुर 2- श्रीमती पिंकी गुप्ता पत्नी पप्पू गुप्ता पुत्री स्व. रामलखन गुप्ता निवासी आदर्श नगर कालोनी रौजा तह. सदर जिला शाहजहांपुर 3- रोहित गुप्ता पुत्र स्व. रामलखन गुप्ता निवासी सराय काइयां तह. सदर जिला शाहजहांपुर 4- श्रीमती सोनी गुप्ता पत्नी राजीव गुप्ता पुत्री स्व. रामलखन गुप्ता निवासी अजीजगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर 5- श्रीमती मोनी पत्नी अजय गुप्ता पुत्री स्व. रामलखन गुप्ता निवासी सराय काइयां तह. सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी मोहित कुमार गुप्ता वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. रामलखन गुप्ता पुत्र बाबूराम निवासी सराय काइया जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी मोहित कुमार गुप्ता वादी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 30.04.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 30.04.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 24.04.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

सी.आर.-156/**D-CN**

स्वतंत्र भारत
## वर्गीकृत

**सूचना**

मैं अपने पुत्र विपिन सिंह व उसका परिवार के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके किसी भी कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व. इन्द्रपाल सिंह, नि.-459/218 मोहनी का पुरवा दौलतगंज रोड, लखनऊ।

सी.आर.-155/**L-43**

**Notice**

I Thakur Prasad Yadav R/o Aurangabad khalsa majra Mirzapur Bijnor road Lucknow have change my name from Bhupender Singh Yadav to Thakur Prasad Yadav for all purposes in future.
Mo- 8542886292

सी.आर.-158/**L-27**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पीएनबी मेटलाइफ पॉलिसी संख्या - 21555159 में पॉलिसी में मेरा नाम आंचल ओबेरॉय है जबकि वर्तमान में शादी के बाद मेरा नाम आंचल बजाज हो गया है जोकि पूर्ण रूप से सत्य है, और मुझे आंचल बजाज के नाम से भविष्य में जाना व पहचाना जाए।

सी.आर.-157/**D-35**

# रफ्तार ने छीनी पिता-पुत्र की जिंदगी

## बेकाबू कार ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी

**स्वतंत्र भारत बीकेटी।** बीकेटी थाना क्षेत्र के सीतापुर राजमार्ग पर गुरुवार तड़के रफ्तार ने पिता-पुत्र की जिंदगी छीन ली। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्राली में जा घुसी। हादसे में दो की मौत हो गयी, जबकि सात वर्षीय मासूम समेत महिला घायल हो गयी। पुलिस के मुताबिक, बरेली के सुभाष नगर पार्क लाइट निवासी विकास चंद्र हजेला अर्टिगा कार से परिवार के साथ बरेली से अयोध्या प्रभु श्रीराम चंद्र के दर्शन करने जा रहे थे। चालक सहित कार में पांच लोग सवार थे। वह बीकेटी के देवरी रुखरा पहुंचे ही थे, तभी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 70 वर्षीय विकास चंद्र हजेला व उनके बेटे गौरव हजेला (42) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गौरव की पत्नी प्राची, और उनके 7 वर्षीय बेटे अयान की हालत गंभीर बताते हुए ट्रामा सेंटर रेफर दिया।



### झपकी आने से हुआ हादसा

बरेली से रात में आयोध्या दर्शन करने जा रहे थे सभी। सुबह के समय झपकी आने से चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ी गयी और दर्दनाक हादसे में दो की मौत हो गयी और अन्य परिवार के सदस्य हॉस्पिटल में जिंदगी मौत से जूझ रहे हैं।

### जोरदार आवाज से टूटी लोगों की नींद

सीतापुर के रेउसा के रहने वाले मजदूर के मुताबिक, वह पास में ही बनी दुकान के बाहर करीब आधा दर्जन लोग सो रहे थे। अचानक से तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह सभी लोग उठ पड़े पास जाकर देखा तो एक गाड़ी खड़े ट्रैक्टर ट्राली जिसमें गेहूं भरा हुआ था पीछे से पूरी तरह से जग घुसी थी। जिसमें कई लोग खून से लथपथ हो गए थे इसके बाद एंबुलेंस हुआ पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# रेलवे एसपी रोहित ने कार्यभार ग्रहण किया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने रेलवे अनुभाग लखनऊ पहुचंकर पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय परिसर में सलामी लेकर कार्यालय में मौजूद सभी अधिकारी कर्मचारियों से वार्ता के दौरान प्राथमिकताएं बताते हुए पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम, श्री अमित कुमार सिंह व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय, हृषीकेश यादव के साथ जीआरपी लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, बैरिक, परिवहन शाखा, शस्त्रागार व कार्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर गोपनीय निरीक्षक, वाचक, कंट्रोल रूम प्रभारी, प्रतिसार उपनिरीक्षक, लिपिक वर्ग, सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे, वार्ता कर कार्यो के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# धमाके के साथ फटे गैस सिलेंडर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सआदतगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को एलडीए कॉलोनी भवानी गंज स्थिति झोपड़ियों में आग लग गयी। तीन ब्लॉट के साथ झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर फट गये। लोगों ने

- डेढ़ दर्जन झोपड़ियां जलकर राख
- दमकल की पांच गाड़ियों ने पाया काबू

आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही देर में आग ने आसपास की 18 झोपड़ियों को अपनी आगोश में ले लिया। अग्निकांड और धमाके से अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कोई भी जनहानि नहीं हुई, लेकिन झोपड़ियों में रखा लोगों का कीमती सामान और पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। लिस के मुताबिक, यहां पर राजेश, रानी और चंदिका केप्लाट में छत्तीसगढ़, बिलासपुर के दिहाड़ी मजदूर रहते थे। ज्यादातर झोपड़ी खाली होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। आग से झोपड़ी में रखे छोटे-बड़े सिलेंडर फटने से आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक धमाकों की गूंज से घर की दीवारें हिल गई। बाहर आकर देखा तो झोपड़ी जल रही थीं दमकल की पांच गाड़ियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया जब तकझोपड़ी में रखी मजदूरों की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।







## खबर एक नजर

### बीमार हेड कांस्टेबल की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बीबीडी थाने में तैनात 50 वर्षीय हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने बुधवार को इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मूलरूप से सैफई जनपद इटावा निवासी अनिल कुमार मौजूदा समय बीबीडी थाने में पोस्टेड थे। 7 अप्रैल को उन्हें ब्रेन हैमेज हो गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पातल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उनकी सांसें थम गयीं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महकमे के कर्मचारी की मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर थी।

### दवा लेने के लिए घर से निकली किशोरी लापता

**स्वतंत्र भारत बंथरा।** बंथरा इलाके में एक किशोरी दवा लेने के लिए घर से निकली थी जो संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ितों ने काफी खोजा ,लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। तब परेशान होकर थाने में पुत्री के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्य वाई में लग गई है। थाना बंथरा के लतीफ नगर निवासी विजय लक्ष्मी पत्नी स्वर्गीय संजीव कुमार कश्यप ने पुलिस को बताया कि बीती 22 अप्रैल 25 को मेरी पुत्री कोमल कश्यप उम्र करीब 17 वर्ष घर से दवा लेने के लिए बता कर नौ बजे निकली थी। जो 11 बने तक वापस नहीं लौटी। बताया गया कि मै अपनी पुत्री को काफी खोजा, लेकिन सुराग नहीं लग सका ।मेरी जानकारी में पुत्री के पास कोई मोबाइल फोन भी नहीं है ।घर से जाते समय हरे रंग जा सलवार सूट, फलदार मैचिंग दुपट्टा, घरेलू हवाई चप्पल पहन कर घर से निकली थी। पुत्री की मां ने बंथरा थाने में पुत्री के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### पटरी दुकानदार को दारोगा ने पीटा

**स्वतंत्र भारत संवददाता, लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में पटरी दुकानदार ने दरोगा पर मारपीट का आरोप लगाया है। दुकानदारों का आरोप है कि बुधवार रात करीब 9 बजे बुलेट पर सवार दरोगा लक्ष्मण अग्रवाल ने अवैध वसूली के लिए उनकी पिटाई शुरू कर दी। कई दुकानदारों के साथ मारपीट की। सभी दुकानदार एकजुट हुए, तो दरोगा अपनी बुलेट छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ललित सक्सेना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सक्सेना ने चेतावनी दी कि 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर वह डीसीपी से मिलेंगे। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।

### कक्षा नौ की छात्रा ने फंदे से लटक कर दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चिनहट थाना प्रभारी भरत पाठक ने बताया कि कमता में राकेश सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनकी 15 वर्षीय बेटी शगुन कक्षा नौ की छात्रा थी। उसकी मां विराजखंड में नौकरी करती हैं और पिता पेशे से ड्राइवर हैं। सुबह करीब 7:00 बजे राकेश काम पर चले गए और उनकी पत्नी अपनी ड्यूटी पर चली गयी। घर में बेटी शगुन अकेली थी, जिसका एक दिन पहले ही एग्जाम हुआ था। दोपहर करीब दो बजे मकान मालिक ने देखा कि शगुन का शव छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा है। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पड़ताल के दौरान पुलिस को मृतका के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# पहलगाम हमले के बाद खुफिया विभाग अलर्ट

## बढ़ाई गई निगरानी पश्चिमी यूपी से पाकिस्तानी नागरिकों की रवानगी शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े निर्देश के बाद यूपी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में वाराणसी जिले में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों पर सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। जिले में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिक निवास कर रहे हैं, जिनमें से 9 लोग लंबी अवधि के वीजा पर रह रहे हैं। कराची निवासी 85 वर्षीय बुजुर्ग कुछ दिन पहले शिवपुर स्थित अपनी बहन के यहां आया हुआ है। हालांकि उसकी बहन का इंतकाल हो चुका है। एलआईयू रिपोर्ट के अनुसार वह 45 दिन के वीजा पर भारत आया है। वह भारत में कहीं और नहीं गया केवल शिवपुर स्थित भांजे के मकान में रहा है। आतंकी घटना के बाद केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश के क्रम में गुरुवार को एलआईयू पाकिस्तानी नागरिक को वापस भेजने की कवायद शुरू करेगी। उधर, दालमंडी की एक महिला ने पाकिस्तानी युवक से शादी की थी। वहां जाने के बाद पता चला कि उसके शौहर की पहले से दो बीवियां हैं। शादी के बाद वह पाकिस्तानी नागरिक हो गई थी। जब वह वाराणसी अपने घर आई फिर वापस नहीं गई। इसके बाद पुनः उसने नागरिकता के लिए आवेदन किया अब वह पसोपेश में है। इसी तरह एक और महिला है, जो पाकिस्तान में शादी की थी। वह भी इसी कारण वापस आ गई।

- वाराणसी में 10 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे

### पश्चिमी यूपी से पाकिस्तानी नागरिकों की रवानगी शुरू

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किए के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान पर शिकंजा कस दिया है। बुधवार को दिल्ली में हुए फैसले के बाद पाकिस्तान से शार्ट टर्म वीजा पर वेस्ट यूपी में आए पाक नागरिकों की वापसी शुरू हो गई है। गुरुवार को सहारनपुर से दस लोगों को वापसी के लिए दिल्ली भेज दिया गया। बुलंदशहर से चार पाकिस्तानी महिलाओं को अटारी बॉर्डर के लिए रवाना कर दिया गया। मेरठ और बिजनौर से एक-एक पाकिस्तानी नागरिक को डिपोर्ट कर दिल्ली भेज दिया गया है। शार्ट टर्म वीजा पर बुलंदशहर आई एक अन्य महिला को वापस भेजने के लिए कार्रवाई चल रही है, एक दो दिन में उसे भी वापस भेज दिया जाएगा। सहारनपुर से दो, मेरठ और बिजनौर से एक-एक पाकिस्तानी नागरिकों को एक-दो दिन में वापस भेज दिया जाएगा, इनकी अभी कागजी कार्रवाई चल रही है। लॉन्ग टर्म वीजा पर वेस्ट यूपी में रह रहे अन्य लोगों के बारे में शासन को अवगत करा कर अगले निर्देश मांगे गए हैं। केंद्र सरकार के निर्णय के बाद वेस्ट यूपी में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों का डाटा तैयार कर इन्हें वापस भेजने की कार्रवाई शुरू कराई गई। सहारनपुर में 12 पाकिस्तानी विजिटर वीजा पर आए हुए थे, जबकि बुलंदशहर में पांच महिलाएं और मेरठ और बिजनौर में दो-दो लोगों की शिनाखत हुई। इसके बाद इन सभी को जल्द से जल्द वापस पाकिस्तान भेजने की कार्रवाई हुई हुई। पहले दिन 16 लोगों को वापस जाने के लिए जिले से रवाना कर दिया गया जबकि बचे हुए लोगों की वापसी एक-दो दिन में कराने की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है।

### पारिवारिक आयोजन में महिलाएं आई थीं बुलंदशहर

दो दिन पूर्व गांव चंदियाना में आई मां-बेटी समेत चार पाकिस्तानी महिलाएं वापस जाने के लिए अटारी बॉर्डर रवाना हो गई हैं। बुगरासी के गांव चंदियाना में पूर्व प्रधान पति शाद खां की बहन खालदा खानम और भांजी सबाहत खानम दो दिन पहले ही पाकिस्तान से आई थीं। शाद खां ने बताया कि 45 दिन के वीजा पर आई बहन और भांजी को पारिवारिक प्रोग्राम में भी शामिल होना था लेकिन सरकार के फैसले के बाद उनके अरमानों पर पानी फिर गया। उन्होंने बहन और भांजी को एलआईयू ऑफिस में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पूर्व प्रधान उनको विदा करने के लिए अटारी बॉर्डर रवाना हो गए हैं। विजिटर वीजा पर बुलंदशहर जिले में आने वाली पाकिस्तानी महिलाओं में खानम खालिदा, खान सबादत, नसाबा, मरियम महमूद और रूबेदा इरशाद शामिल हैं। बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र में अपने मायके आई नसाबा ने बताया कि करीब तीन दशक पहले उनका निकाह पाकिस्तान के कराची शहर में हुआ था। इसके बाद से उनका भारत आना-जाना लगा रहता है। कुछ साल पहले हर साल पाकिस्तान से भारत आना होता था लेकिन इस बार छह साल बाद वीजा मिलने पर यहां आना हुआ। अब जल्दी ही वापस जाना पड़ रहा है।

### लॉग टर्म वीजा पर 18 पाक नागरिक

बुलंदशहर में लॉग टर्म वीजा पर 18 पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश महिलाएं हैं, जिनको यहां कई दशक बीत चुके हैं। यह महिलाएं पाकिस्तान से बुलंदशहर में रहने वाले अपने रिश्तेदारों अथवा परिचितों से शादी करने के बाद लॉग टर्म वीजा पर रह रही हैं। कई महिलाओं की उम्र 50 को पार कर चुकी हैं, किंतु उन्हें भारतीय नागरिकता नहीं मिल सकी है। एक निर्धारित अवधि के बाद लॉग टर्म वीजा को रिन्यू कराना पड़ता है। बागपत में पाकिस्तानी मूल की केवल एक महिला रह रही है। वह अपनी मां के साथ 11 वर्ष की उम्र में ही बागपत आ गई थी। बागपत में ही उसकी शादी हो गई थी। 1973 से ही वह लॉन्ग टर्म वीजा पर बागपत में रह रही है। अब महिला की उम्र 65 वर्ष से अधिक हो चुकी है। उसके पति व पुत्र की भी मौत हो चुकी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि उच्चाधिकारियों को महिला के संबंध में अवगत करा दिया गया है। बिजनौर जिले में 20 लोग लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे हैं। इनमें दो मासूम बच्चियां अपनी भारतीय मां के साथ रह रही हैं, इनके एलटीवी के लिए आवेदन अभी प्रक्रिया में है। हापुड़ में में कुल छह लोग लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे हैं इनके बारे में मंत्रालय को अवगत करा दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ओला चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विभूतिखंड थाना क्षेत्र में एक ओला चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। गुरुवार को कार के अंदर उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों ने फौरन पुलिस ने सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव पोस्टमार्टम लिए भेज दिया। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगा। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब करीब 3:00 बजे सूचना मिली कि पुष्पलता फार्मेसी के सामने विशेष खंड के सामने सड़क किनारे एक गाड़ी सं0 (यूपी 32 एसएन 8033) स्विफ्ट डिजायर सफेद रंग कार के अन्दर ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। इस सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। छानबीन के दौरान मृतक की शिनाख्त वाहन चालक अरुण दुबे पुत्र रमाशंकर दुबे निवासी ग्राम भगीरथपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र 45 वर्ष के रूप में हुयी। मृतक के परिजन सूचना पर मौके पर पहुंच रहें हैं। फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



**दो दिन से खड़ी कार**

पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल की छानबीन के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें दो दिन पहले यह कार आकर खड़ी हुई थी। अमूमन ओला और ऊबर कार चालक गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर आराम करने लगते हैं, जिस कारण किसी ने कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। वहीं गुरुवार दोपहर तेज धूम में चालक को अंदर देख लोगों शक हुआ और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो चालक मृत अवस्था में मिला।

# पहलगाम की आतंकी घटना ने पुराने घाव हरे कर दिये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पहलगाम में सैलानियों पर आतंकी हमले से लोगों के बीच गम और गुस्सा है। आतंक को झेल चुके गांव दूधली के मास्टर रामपाल सिंह दुखी हैं। दरअसल जून 2004 में पहलगाम स्थित उधमपुर-कटरा रेल मार्ग से इंजीनियर बेटे सुधीर और संदीप को अगवा कर आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। पहलगाम में बेकसूर पर्यटकों की वीभत्स हत्या से पूरे देश में पीड़ा है। कश्मीर में हुई घटना में दूधली का दर्द छिपा है। वर्ष 2004 में गांव के रामपाल सिंह का इंजीनियर बेटा सुधीर (25) वहां इरकॉन कंपनी में कटरा रेलवे प्रोजेक्ट में लाइन का निर्माण करा रहा था। उन दिनों उनका छोटा भाई कंप्यूटर इंजीनियर संदीप (18) भी वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गया हुआ था। दोनों भाई साइट पर कार चालक एवं ठेकेदार के साथ जाने के लिए निकले थे। रास्ते में आतंकियों ने दोनों का अपहरण कर लिया था, जबकि ठेकेदार अशरफ और कार चालक को छोड़ दिया था। दो दिन बाद 25 जून 2004 को काजीगुड़-बारामूला में दोनों भाइयों की सिर कटी लाशें मिली थीं। शव गांव में आने के बाद श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली से नेताओं का जमावड़ा दूधली में लगा था। बड़ी घोषणाएं, वादे किए गए। मगर अमल नहीं हो पाया। घर के दोनों चिरागों को गंवाने की पीड़ा वयोवृद्ध पिता रामपाल सिंह की जिंदगी का हिस्सा बन गई है।

# सपा ने पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी की जयंती मनाई

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी की जयंती सादगी से मनायी गयी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कुरैशी साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि अजीज कुरैशी साहब ने कभी भी राजनीतिक विचारधारा को आपसी रिश्ते के बीच में नहीं आने दिया। उनके अंदर ये भावना थी कि सेकुलर फोर्सेज और समाजवादी विचारधारा को जोड़कर रखें। अगर कुरैशी साहब उत्तर प्रदेश के गवर्नर बनकर ना आए होते तो रामपुर में मौलाना जौहर साहब के नाम से यूनिवर्सिटी बनाने का मौका नहीं मिलता।

# हेड कांस्टेबल ने की आत्महत्या

## सर्विस रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, भाई ने कहा- कार्य अधिक होने से वह परेशान था

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रामपुर जिले के थानगंज में तैनात हेड कॉन्स्टेबल ने गुरुवार को परिसर स्थित अपने आवास में सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले कुछ समय से दिल की बीमारी से पीड़ित थे। इस कारण वह मानसिक तनाव में रहते थे कुछ दिन पहले डीआईजी रेंज की चेकिंग के दौरान वह उपस्थित थे। सूचना मिलते ही एसपी समेत कई पुलिस अफसर पहुंचे और जांच पड़ताल के निर्देश दिये हैं।

पुलिस के मुताबिक हेड कॉन्स्टेबल मोहम्मद उमर (40) अमरोहा के जोया थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। अमरोहा के जोया थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद उमर बृहस्पतिवार की सुबह डयूटी पर तैनात थे। दोपहर करीब 11 बजे वह थाने में ही स्थित अपने कमरे पर चले गए।थाना प्रभारी ने उनको बुलाने के लिए पुलिसकर्मियों को भेजा तो वह दफ्तर में नहीं थे। इसके बाद पुलिसकर्मी उनके सरकारी आवास पहुंचे। कर्मियों ने दरवाजा खोला तो वह बिस्तर पर वर्दी में लहूलुहान पड़े हुए थे। उनकी कनपटी से खून निकल रहा था। यह नजारा देखकर पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में मामले की सूचना थानाध्यक्ष दी। सूचना पाकर वह भी हेड कॉन्स्टेबल के सरकारी आवास पर पहुंच गए। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस के आला अफसरों को दी गई। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। उमर 2011 में पुलिस में भर्ती हुए थे वह पिछले करीब 6 साल से रामपुर में थे। पीडब्लूडी कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। उनके तीन बच्चे हैं। वह थाना गंज में हेड मुहर्रिर के पद पर तैनात थे। मृतक की पत्नी मौके पर पहुंची हैं। पिछले 6 साल से रामपुर में अलग अलग थानों में तैनाती थी। डेढ़ साल पहले हुए हेड मुहर्रिर हुए थे।

### तीन दिन पहले छुट्टी पर गए थे घर

मोहम्मद उमर के परिवार में पिता मोहम्मद इदा व तीन भाई है। बड़ा भाई अल्हाबख्श गाजियाबाद स्थित सीएमओ ऑफिस में बाबू के पद पर तैनात है, जबकि दो छोटे भाई मोहम्मद असलम व मोहम्मद नबाब घर के खेती व एक लकड़ी की टाल चलाते है। पत्नी का नामा फात्मा है। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने खुद को अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या की थी। दूसरी घटना थाना स्वार के परिसर में सब इंस्पेक्टर ने फांसी लगाकर आत्मा की थी। जिले में सुसाइड का यह तीसरा दर्दनाक मामला सामने आया है।

### सुसाइड में कहा- रामपुर के कप्तान साहब बहुत अच्छे

एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया- घटना स्थल के निरीक्षण के क्रम में मृतक के पॉकेट से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है, जिसमें मृतक ने अपने हस्तलेख में लिखा है कि मैं मोहम्मद उमर बिना किसी पर इल्जाम लगाए स्वयं आत्महत्या कर रहा हूं। रामपुर के कप्तान साहब बहुत अच्छे हैं । मेरे बड़े भाई और छोटे भाई मुझे माफ करना। मेरे बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालना मैं बहुत मानसिक तनाव में हूं मेरा दिमाग कुंद हो गया है। मुझे कुछ भी याद नहीं रहता । विद्यासागर मिश्र कप्तान साहब मेरे परिवार की मदद करना। इस मामले में एएसपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया- हेड मुहर्रिर मोहम्मद उमर ने गंज थाना परिसर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के कारणों का पता कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक पर लोहे का दरवाजा रखने वाले तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रेलवे ट्रैक पर लोहे का गेट रखने वाले तीन गिरफ्तार। चोरी कर नीले रंग की गेट ले जा रहे थे। इसी बीच अचानक ट्रेन आने की

- लोहे के गेट का एंगल बरामद
- चोरी करके ले जा रहे थे गेट
- अचानक ट्रेन आने से पटरी पर ही छोडकर भागे थे

आहट सुनाई देने पर रेलवे ट्रैक पर ही गेट छोड़कर भाग गए थे। पूछताछ में हुआ खुलासा। रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने ट्रेन पलटाने की साजिश का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौधरी खेड़ा रेलवे फाटक के पास रेलवे के ट्रैक पर लोहे का गेट छोड़कर भागने वाले चेतराम रावत उर्फ छोटू पुत्र बजरंग, निवासी चौधरी खेड़ा, सुशांत गोल्फ सिटी, गुलाब चन्द्र यादव उर्फ नक्का पुत्र राम देव, निवासी चौधरी खेड़ा, सुशांत गोल्फ सिटी और लवकुश रावत पुत्र मंशा राम, निवासी चौधरी खेड़ा, सुशांत गोल्फ सिटी को गिरफ्तार किया गया है। पूछतांछ की गयी तो आरोपियों ने बताया कि तुल्सीयानी के पीछे सेक्टर-आई में एक प्लाट में बने बाउण्ड्री वाल में लगे नये गेट को देखा था, उसी रात हम तीनों मिल कर उस गेट को निकाल कर बेचने के फिराक में लेकर जाते समय रेलवे का ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन आने की आहट मिलने पर पटरी पर ही छोड़ कर भाग गये थे।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सही कदम

पहलगाम नरसंहार के बाद भारत की सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) द्वारा लिए गए फैसले सर्वथा उचित कदम हैं। अपनी संप्रभुता पर नृशंस हमलों का जवाब देने का अधिकार सभी देशों को है जिसका मर्यादा के भीतर रहते हुए भारत ने उपयोग किया है। इस हिंसा का रूस, चीन, इजरायल समेत दुनियाभर के देशों द्वारा कड़ी निंदा करने और खुद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा इस मामले में भारत की मदद करने के संकल्प से साफ है कि सभी इसकी गंभीरता और वास्तविकता को समझ रहे हैं और उसे किसी भी रूप में बढ़ावा देने के खिलाफ हैं। यह छिपी बात नहीं है कि चौथाई सदी से ज्यादा समय से पाकिस्तान भारत में आतंकी हिंसा फैलाने को अघोषित रूप से राष्ट्रीय नीति बना चुका है और तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। ताजा घटना का भी वहां के सत्ता प्रतिष्ठान ने अप्रत्यक्ष समर्थन ही किया है। इसके सुबूत एक ही दिन में सामने भी आ गए हैं। सीसीएस के फैसलों के तुरंत बाद उसने खुद के 'पीड़ित' पक्ष होने का ड्रामा भी शुरू कर दिया है। ऐसी बेशर्मी वह मुंबई हमलों व अन्य घटनाओं के बाद भी कर चुका है लेकिन किसी ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। दरअसल भारत के प्रति द्वेष से पाकिस्तान के कर्ता-धर्ता कश्मीर को मुद्दा बनाकर जीवित रखना और इसकी आड़ में पूरे भारत को अशांत बनाने की साजिशें रचते रहे हैं और दिखाते यह है कि गलती यहां की सरकार की है। ऐसे में सीसीएस के फैसले पाकिस्तान को उसकी औकात में लाने की दिशा में लाने का निर्णायक कदम है। आतंकियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अब अतिरिक्त मुस्तैदी बरतते हुए कश्मीर के उन स्थानों को भी सिक्योरिटी कवर देना होगा जहां बड़ी तादाद में सैलानी जुटते हैं। पहलगाम नरसंहार से उपजा खौफ मिटाने के लिए यह जरूरी है क्योंकि सेना की वर्दी में वारदात करके आतंकियों ने देश की सबसे विश्वसनीय और प्रतिबद्ध सेवा के प्रति लोगों में अविश्वास पैदा करने की कोशिश की है। अन्य स्थानों पर भी ऐसी ही कोशिशें हो सकती हैं। हालांकि यहां कश्मीरियों की खास तौर पर तारीफ करनी होगी जो आतंकियों और पाक के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं।

## समाधान हो

यूपी में प्राथमिक शिक्षा की वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था सुधार के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर नियम बनते हैं, घोषणाएं होती हैं फिर भी इसका समुचित संचालन नहीं हो पा रहा है। नतीजन इन स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है और प्राथमिक शिक्षक असंतुष्ट हैं। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि लखनऊ के 1618 प्राइमरी स्कूलों में सात हजार से अधिक शिक्षकों और पौने दो लाख बच्चों का पंजीकरण है लेकिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सौ स्कूलों में एक-एक शिक्षक है। नगर के सात स्कूलों में शिक्षक ही नहीं हैं तो कहीं एक-एक शिक्षक दो-दो स्कूलों का जिम्मा संभाल रहे हैं। विगत 31 मार्च को प्राइमरी व जूनियर स्कूलों के पैंसठ शिक्षक रिटायर हो गए। शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक सबसे अहम कड़ी होते हैं। प्राथमिक स्कूलों में उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि बच्चों के भावी जीवन को गढ़ने, उसे दिशा देने की प्रक्रिया भी शुरू होती है। इसी स्तर पर विसंगतियां हीं तो सारी व्यवस्था ही छिन्न भिन्न हो जाएगी। अव्यवस्था के कारण ही प्राथमिक शिक्षकों पर काम का बोझ बढ़ता जाता है। साथ ही कभी जनगणना तो कभी सर्वे का काम भी उन्हें सौंप दिया जाता है। यह स्थिति उनके भीतर तनाव बढ़ा देती है। इन शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी व्यावहारिक न होने से इसके लाभ से वे वंचित रहते हैं। कई शिक्षकों के निवास उनके स्कूल से सौ-दो सौ किमी दूर हैं जिससे ड्यूटी पर आने-जाने के दौरान वे दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं लेकिन उन्हें मेडिकल रीइम्बर्समेंट का लाभ नहीं मिलता जबकि अन्य सेवाओं के राज्यकर्मियों के लिए ये सुविधा है। चूंकि उनका ज्यादातर समय इन्हीं समस्याओं से जूझने में बीतता है तो शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। ऐसे में जरूरी है कि विभाग इन समस्याओं को गंभीरता से लेकर इनका हल निकाले।

## काँव-काँव

♦♦♦

**तहव्वुर राणा को परिवार से न मिलाया जाए : एनआईए**
खुराफाती दिमाग है, कोई और साजिश न रच दे!

**पाकिस्तान पर जल प्रहार की तैयारी**
तब शायद टेढ़ी दुम सीधी हो जाए!

**कश्मीरी छात्र घरों से निकलने से परहेज करें**
यही है करे कोई भरे कोई।

**लद्दाख सैलानियों के लिए सुरक्षित**
फिलहाल तो दहशत बनी ही रहेगी!

**पत्नी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर खुदकुशी की**
महिलाएं ऐसे भी सशक्त हो रही हैं!

**चीन के साथ कर सकते हैं टैरिफ समझौता : ट्रंप**
लगता है आला मालिक कुछ तय नहीं कर पा रहे!

♦♦♦

# आतंकवाद से संगठित लड़ाई हो

**- तहसीन मुनव्वर**

पहलगाम में आतंकी हमले ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान के हाकिमों को कटघरे में खड़ा कर दिया है. विश्वभर के नेता इस आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की अपनी यात्रा छोटी कर वापस देश लौटे और रक्षा मामलों की काबीना कमेटी की बैठक की. इससे पहले भारत और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान में हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताया. दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की। पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान की शह पर भारत में आतंक फैलाने वाले आतंकी कभी भी, कहीं भी हमले को अंजाम दे सकते हैं. पूरे देश में इस हमले को लेकर आक्रोश है। आखिर ऐसी क्या वजह थी कि आतंकी इतने हताश हो गये कि उन्होंने पर्यटक जैसे सॉफ्ट टारगेट को चुना जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं. आतंकवाद के हिंसक दौर में भी कश्मीरी आतंकियों ने एक प्रकार से पर्यटन को छे?ने की कोशिश नहीं की, क्योंकि वे जानते थे कि यदि ऐसा करेंगे तो उन्हें कश्मीरियों का आक्रोश झेलना पड़ जायेगा. पहलगाम की घटना के बाद जिस प्रकार मस्जिदों से आतंकवाद के विरुद्ध एलान हुए हैं, सड़कों पर लोग आये हैं, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने पूरे देश से माफी मांगी है कि हम अपने मेहमानों की रक्षा नहीं कर पाये, उससे यह बात साबित हो रही है कि यह आतंकवादी घटना पाकिस्तान की शह पर वहीं के आतंकियों ने की होगी, जो कश्मीरियों की रीढ़ तोड़ना चाहते हैं। पिछले कई महीने से दिल्ली से सीधे कश्मीर तक रेलगाड़ी के जल्द शुभारंभ का समाचार आने से कश्मीर पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर थी. जबकि यही खबर सरहद पार की शह पर कश्मीर में आतंकवाद को हवा देने वाली शक्तियों के हाथ-पांव फुलाने में लगी थी. जब से कश्मीर में चुनाव के बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी है, सरहद पार की साजिशें धूल चाटने लगी थीं. सरहद पार बलूचिस्तान में जिस प्रकार वहां की सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर किया गया है, उससे भी हमारा पड़ोसी अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए लगातार नापाक साजिशों में लगा हुआ था. उसे लगा कि यदि कश्मीर तक रेलगाड़ी पहुंच गयी, तो कश्मीर के अवाम के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आ जायेगा और उसके आतंकी चेले-चाटे सब अपने-अपने बिलों में घुसने को मजबूर हो जायेंगे. लगातार कश्मीर में नाकाम होने के बाद आतंक के आकाओं ने निहत्थों, मासूमों को निशाना बनाने का अपना वही कायराना रास्ता चुना. पहलगाम आतंकी हमले की हर ओर से कड़ी निंदा हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मीरवाइज उमर फारूक समेत कश्मीर के बुद्धिजीवी अवाम और विशेष रूप से पर्यटन पर निर्भर लोगों ने हमले की कड़ी निंदा की है. गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर का दौरा किया तथा कड़े शब्दों में आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की बात कही है. पर्यटन उद्योग से जुड़े एक कश्मीरी का कहना था कि हमारी तो रोजी-रोटी इस हमले ने छीन ली है. खबर है कि कश्मीर को लेकर पर्यटक लगातार अपनी बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं, जिससे स्थानीय कश्मीरी की माली हालत खराब होती दिखाई दे रही है. ज्ञात हो कि कुछ सप्ताह बाद ही अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है. आतंकी हमले ने अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिये हैं. एक और सवाल है कि आतंकियों ने आखिर वही समय क्यों चुना जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में अपने परिवार के साथ मौजूद थे. क्या आतंकी और उनके आका अमेरिका को खुला चैलेंज देना चाहते हैं? यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आतंकी हमला उस समय हुआ है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर सऊदी अरब में थे. ऐसा लगता है कि आतंकियों को सरहद पार से हर हाल में अपनी आतंकी कार्रवाई को अंजाम देने का हुक्म आया होगा. सवाल यह भी है कि पहलगाम जैसे पर्यटन स्थल की सुरक्षा को लेकर कहां चूक हुई है, उसे देखना होगा? इस हमले में कश्मीर के स्थानीय आतंकियों का भी पूरा साथ मिला होगा. सरकार को इस हमले के जिम्मेदारों को हर हाल में उनके अंजाम तक पहुंचाना होगा. मैंने कश्मीर में 90 के दशक के आतंकवाद का रूप देखा है. कश्मीरी अब आतंकवाद के काले और खूनी दौर को भूलना चाहते हैं, परंतु सरहद पार के आका कश्मीरियों के दुश्मन बने हुए हैं. वे चाहते ही नहीं कि कश्मीर के लोग अमन-शांति के साथ अपना जीवन व्यतीत करें. सरकार को आतंक के असल जिहादियों को पकड़ कश्मीर के आगे बढ़ते सफर को जारी रखना होगा, ताकि कश्मीर के विकास में कोई रोड़ा न अटका सके. इस हमले का मुकाबला हम सबको मिलकर करना होगा।

पहलगाम में आतंकी हमले ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान के हाकिमों को कटघरे में खड़ा कर दिया है. विश्वभर के नेता इस आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की अपनी यात्रा छोटी कर वापस देश लौटे और रक्षा मामलों की काबीना कमेटी की बैठक की. इससे पहले भारत और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान में हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताया. दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की। पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान की शह पर भारत में आतंक फैलाने वाले आतंकी कभी भी, कहीं भी हमले को अंजाम दे सकते हैं. पूरे देश में इस हमले को लेकर आक्रोश है।



## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

मोहसिन-हां उछल-कूद नहीं सकती; लेकिन उस दिन मेरी गाय खुल गयी थी और चौधरी के खेत में जा पड़ी थी, तो अम्मां इतनी तेज दौड़ीं कि मैं उन्हें न पा सका, सच ?

आगे चले। हलवाइयों की दुकानें शुरू हुईं। आज खूब सजी हुई थीं। इतनी मिठाइयां कौन खाता है। देखो न, एक-एक दुकान पर मनों होंगी। सुना है, रात को जिन्नात आकर खरीद ले जाते हैं। अब्बा कहते थे कि आधी रात को एक आदमी हर दुकान पर जाता है और जितना माल बचा होता है, वह तुलवा लेता है और सचमुच के रुपये देता है, विलकुल ऐसे ही रुपये हामिद को यकीन न आया-ऐसे रुपये जिन्नात को कहां से मिल जायेंगे?

मोहसिन ने कहा-जिन्नात को रुपये की क्या कमी? जिस खजाने में चाहें चले जायें। लोहे के दरवाजे तक उन्हें नहीं रोक सकते जनाव, आप हैं किस फेर में। हीरे-जवाहरात तक उनके पास रहते हैं, जिससे खुश हो गये, उसे टोकरें जवाहरात दे दिये। अभी यहीं बैठे हैं, पांच मिनट में कहो कलकत्ता पहुंच जायें।हामिद ने फिर पूछा-जिन्नात बहुत बड़े-बड़े होते होंगे ? मोहसिन-एक-एक आसमान के बराबर होता है जी! जमीन पर खड़ा हो जाय तो उसका सिर आसमान से जा लगे, मगर चाहें तो एक लोटे में घुस जायें।

हामिद-लोग उन्हें कैसे खुश करते होंगे? कोई मुझे वह मन्तर बता दे, तो एक जिन्न को खुश कर लूं।

मोहसिन-अब यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन चौधरी साहब के काबू में त से जिन्नात हैं। कोई चीज चोरी जाय, चौधरी साहब उसका पता लगा देंगे बहुत और चोर का नाम भी बता देंगे। जुमराती का बछ्वा उस दिन खो गया था। तीस दिन हैरान हुए, कहीं न मिला। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कवयः किं न कुर्वन्ति योषितः।**
**मद्यपाः किं न खादन्ति वायसाः।।**

जिस प्रकार कवि कुछ भी देख लेने में सक्षम होते हैं, वे उस रहस्य को भी देख लेते हैं, जिसे अन्य व्यक्ति नहीं देख पाते,उसी प्रकार स्त्रियां भी क्यय नहीं कर सकतीं? मदिरा के नशे में डूबा हुआ व्यक्ति कुछ भी अनाप-शनाप बक सकता है कौए भक्ष्य-अभक्ष्य का विचार किये बिना कुछ भी खा लेते हैं।

♦♦♦

# खिलाड़ी ही संभालें खेल संघों की बागडोर

**- सतेंद्र पाल सिंह**

अर्जुन पुरस्कार विजेता दो राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों पूजा और प्रियंका की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश में खेल संघों की स्थिति पर हाल ही में जो कड़ी टिप्पणी की, वह बहुत महत्वपूर्ण है. याचिकाकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी संघ से मान्यता रखने वाले एकेएफआइ को उन्हें एशियाई कबड्डी में भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. इससे पहले न्यायालय ने केंद्र को खेल संघों, विशेषकर भारतीय कबड्डी संघ की मान्यता को लेकर विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ते तलाशने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया है कि सीबीआइ के निदेशक खेल संघ के मामलों में इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों की सहायता से प्रभावी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक जांच तंत्र का सुझाव देंगे. शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि कबड्डी खिलाड़ियों और अन्य खिलाड़ियों को ईरान में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने के लिए क्या उपाय किये गये हैं. इंटरनेशनल कबड्डी फडरेशन ने पिछले वर्ष जुलाई में एकेएफआइ की मान्यता रद्द कर दी थी, जिससे कबड्डी टीमों को कई वैश्विक आयोजनों में भाग लेने से रोक दिया गया था. अदालत ने कहा कि हम कबड्डी संघों के मामलों की गहन जांच के लिए जांच आयोग गठित करने के पक्ष में हैं, क्योंकि इन निकायों में खेल गतिविधियों के अलावा कई तरह की चीजें हो रही हैं. इसके बाद हम जांच आयोग का दायरा अन्य खेल संघों तक बढ़ाने की इच्छा रखते हैं. केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता केएम नटराज ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बेंच के चार फरवरी के आदेश के मुताबिक खिलाड़ियों को ईरान में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने भेजा गया था, जहां उन्होंने स्वर्ण जीता. नटराज ने बताया कि जहां तक सीबीआइ जांच की बात है, तो इसकी रुपरेखा तैयार की जा रही है. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि खेल संघों में खेल को छोड़कर बाकी सभी तरह की चीजें हो रही हैं. शीर्ष अदालत ने यह चेतावनी तक दे डाली कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह सभी खेल संघों को भंग कर देगी. शीर्ष अदालत ने खेल संघों के कामकाज और जरूरी जांच पर सुझाव देने के लिए पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों की अर्जियों को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई चार हफ्ते बाद तय कर दी. गौरतलब है कि इससे पहले भी सर्वोच्च न्यायालय खेल संघों को बीमार संस्थाएं बता चुका है. एक आंकड़ा बताता है कि पिछले दशक में देश की अदालतों में खेल संबंधी लगभग 770 मामले दर्ज किये गये, जिनमें से 200 से अधिक मुकदमे शासन से संबंधित थे. वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआइ में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के बाद सुधारों की सिफारिश के लिए लोढ़ा कमेटी की नियुक्ति की थी. एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने 2023-24 के वित्तीय वर्ष में 20.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा कमाये. वहीं 2025-26 के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय के लिए कुल बजट आवंटन, जिसमें राष्ट्रीय खेल संघों (एनएफएस) के लिए मदद भी शामिल है, मात्र 3,794.30 करोड़ रुपये था. बीसीसीआइ को छोड़ हॉकी इंडिया, एएफएफआइ व भारतीय बैडमिंटन संघ को ही प्रसारण से कुछ आमदनी हो पाती है. भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय धाविका पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) की अध्यक्ष हैं. उषा आइओए की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला ओलिंपियन हैं. विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघों में कथित वित्तीय अनियमितताओं के चलते आइओए को नियमित रूप से अदालती जांच और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से निलंबन के जोखिम का सामना करना पड़ा था. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष चार बार के हॉकी ओलिंपियन दिलीप टिर्की और पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गोलरक्षक कल्याण चौबे अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआइएफएफ) के अध्यक्ष व खिलाड़ी होने के साथ राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी हैं. एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन शॉटपुटर बहादुर सिंह सागू भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआइ) के नये अध्यक्ष हैं. जबकि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा भारतीय बैडमिटन संघ (बीएआइ) के मौजूदा अध्यक्ष हैं.सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि जब खिलाड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं, तब खेल संघों में सुधार होता है, न कि राजनीतिक या नौकरशाही द्वारा नियुक्त व्यक्ति से. यह टिप्पणी साफ तौर पर संकेत देती है कि सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि खिलाड़ी ही खेल संघों की बागडोर संभालें और राजनेता तथा नौकरशाह खेल संघों से दूर रहें. देखना है कि सुप्रीम कोर्ट की खेल संघों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी कितनी कारगर होगी? इस पर कितना अमल होगा? देश के विभिन्न खेल संघों के शीर्ष अधिकारियों पर नजर डालें, तो पायेंगे कि इन पर राजनेता और नौकरशाह काबिज हैं. सो राजनेताओं से राजनैतिक द्वेष के चलते भी अदालतों में मुकदमे दायर होते हैं. ऐसे में शीर्ष अदालत को यह बात भी जेहन में रखनी होगी कि इस तरह की शिकायतों में कितनी सच्चाई है।



अर्जुन पुरस्कार विजेता दो राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों पूजा और प्रियंका की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश में खेल संघों की स्थिति पर हाल ही में जो कड़ी टिप्पणी की, वह बहुत महत्वपूर्ण है. याचिकाकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी संघ से मान्यता रखने वाले एकेएफआइ को उन्हें एशियाई कबड्डी में भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. इससे पहले न्यायालय ने केंद्र को खेल संघों, विशेषकर भारतीय कबड्डी संघ की मान्यता को लेकर विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ते तलाशने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया है कि सीबीआइ के निदेशक खेल संघ के मामलों में इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों की सहायता से प्रभावी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक जांच तंत्र का सुझाव देंगे।

## प्रेरक प्रसंग

## सनातन सत्य

एक राजा था। उसे अपने सौंदर्य पर, अपने ऐश्वर्य पर और अपने राजपाट पर बड़ा गर्व था। वह हर घड़ी अभिमान के नशे में चूर रहता था। दूर-दूर तक लोग जानते थे कि उसके बराबर घमंडी राजा और कोई नहीं है। वह सबको अपने से छोटा और हेय मानता था। एक दिन एक साधु राजा के दरबार में आया। बड़े दर्प से राजा ने पूछा, तुम्हे क्या चाहिए। साधु को पता था कि वह राजा बड़ा अभिमानी है।

उसने मुस्कराते हुए कहा, तेरे पास है क्या, जो मुझे देगा! साधु के ये शब्द सुनते ही राजा आग बबूला हो गया। इस साधु की इतनी मजाल कि उसके वैभव को, उसी के मुंह पर, इस प्रकार चुनौती दे! भरे दरबार में उसका अपमान करे! पर साधु के चेहरे पर इतना तेज था कि राजा अपने क्रोध को प्रकट नहीं कर सका। साधु ने राजा की भाव-भंगिमा को देखा, पर तनिक भी विचलित नहीं हुआ। अत्यन्त धीर-गंभीर वाणी में बोला, मैंने जो कहा है, वह ठीक ही कहा है। जरा ठण्डे दिमाग से सोच। देख, तुझे जो सौंदर्य मिला है, वह तेरा नहीं है, तेरे माता-पिता का दिया हुआ है। क्यों, है न? राजा एक साथ इसका उत्तर नहीं दे सका। साधु ने आगे कहा, तेरे भण्डार धान्य से परिपूर्ण हैं।

पर वे तेरे कहां हैं? वे तो तुझे धरती माता ने दिये हैं। क्यों है न? राजा चुप। साधु ने फिर कहा, जिसे तू अपना राजपाट कहता है, वह भी तेरा कहां है? वह तो तुझे प्रजा ने दिया है। तेरे शरीर में जो प्राण हैं, उनका भी नियंता और कोई है, तू नहीं। ओ पगले, याद रख। अपना वह होता है, जो अपने साथ जाता है। इस दुनिया में न कोई साथ आया है, न कोई साथ जायगा। इतना कहकर साधु वहां से चला गया और राजा की जीवन-धारा बदल गया।

## आपका पत्र मिला

### कश्मीर का लहूलुहान स्वर्ग

धार्मिक कट्टरता पर खड़ा विश्व आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर किया गया नरसंहार हृदयविदारक है। ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करती है एवं मानवता के खिलाफ अपराध हैं, जो सामाजिक सौहार्द को नष्ट करती हैं। भारत की धरती का स्वर्ग कहलाने वाली खूबसूरत और शांतिप्रिय कश्मीर घाटी आज लहू से रंगा आंसू बहा रही है। कश्मीर हमेशा देश-विदेश के पर्यटकों की पंसदीदा जगह है। इसकी सुंदरता, खूबसूरत घाटियां और स्वच्छ ठंडी हवा लोगों को आकर्षित करती है। हर साल लाखों पर्यटक जम्मू-कश्मीर खूबसूरत वादियों का आनंद लेने आते हैं। गर्मियों में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में इसकी कठोर सुरक्षा व्यवस्था बहुत मायने रखती है। आतंकवादी क्रूरता का शिकार अनंतनाग जिले का पहलगाम जंगलों से घिरा है। हर साल, सबसे ज्यादा सैलानी यहीं आते है, लेकिन यहां सुरक्षा व्यवस्था तैनात नहीं। ऐसा क्यों? जब सारी दुनिया भी जानती है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रहा हैं, ऐसे में देश-विदेश से आए पर्यटकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? सवाल ये भी उठता है, की देश की सीमा पार कर आतंकवादी आए कैसे? राजनीति की जो आग होती है न, उसमे हमेशा से झुलसती आम जनता ही है। मणिपुर की हिंसा हो या बंगाल की या कश्मीर के आतंकी हमले, बलि चढ़ती है निर्दोष जनता। ऐसी हिंसा की घटनाओं में, जिन्होंने अपने परिवार खोए, अपने पति, पिता या बच्चे को खोया, इसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता है। हिंसा होती है, तब मुद्दा उछलता है, तो जोर-शोर से न्याय की माँग उठती है, लेकिन कुछ दिनों बाद ये आवाज़ें शांत हो जाती हैं। फिर भी कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, जिसके कारण ऐसी घटनाएँ बार-बार होती रहती हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को मजबूत किया जाए। देश को अब सहानुभूति नहीं, बल्कि समाधान चाहिए।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrabharat77@gmail.com***

# दिमाग की ताकत बढ़ाने में कारगर हो सकती है ये औषधि





भारत में आयुर्वेदिक चिकित्सा का समृद्ध इतिहास रहा है। सदियों से कई प्रकार की जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल तमाम प्रकार की बीमारियों के इलाज के रूप में किया जाता रहा है। समय के साथ मेडिकल साइंस ने भी कई औषधियों के प्रभावी गुणों की पुष्टि की है।

हाल ही में हुए शोध में विशेषज्ञों की टीम ने अश्वगंधा और इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ की पुष्टि की है। अश्वगंधा एक बहुत ही प्रभावी औषधि है, जिसका उपयोग वर्षों से शारीरिक शक्ति, ऊर्जा को बढ़ाने, दर्द कम करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करने के लिए किया जाता रहा है।

शोध में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि अगर चिकित्सक की सलाह पर अश्वगंधा का इस्तेमाल किया जाए तो ये मस्तिष्क स्वास्थ्य को सुधारने, याददाश्त को ठीक करने और ब्रेन की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में लाभकारी हो सकता है।

**अश्वगंधा ब्रेन हेल्थ के लिए फायदेमंद**

अश्वगंधा एक जड़ी-बूटी है जिसका इस्तेमाल आम तौर पर आयुर्वेदिक दवा के रूप में किया जाता है। जर्नल न्यूट्रिएंट्स में प्रकाशित हालिया अध्ययन से पता चला है कि अश्वगंधा सप्लीमेंट्स दिमाग की शक्ति को बढ़ा सकते हैं। खास बात यह है कि दावा किया जा रहा है कि सप्लीमेंट लेने के एक घंटे बाद ही इसके लाभ दिख सकते हैं। शोधकर्ताओं ने 59 स्वस्थ युवा वयस्कों के दो समूहों पर यह प्रयोग किया, जिनकी औसत आयु 23 वर्ष थी। एक महीने के दौरान, उन्हें प्रतिदिन अश्वगंधा की 225 मिलीग्राम खुराक दी गई, जबकि दूसरे समूह ने प्लेसबो दिया गया। प्रतिभागियों को यह नहीं पता था कि वे कौन सा सप्लीमेंट ले रहे हैं, अश्वगंधा या प्लेसबो।

**अध्ययन में क्या पता चला?**

अध्ययन के निष्कर्ष में विशेषज्ञों ने बताया कि जिस समूह ने अश्वगंधा का सेवन किया उनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता में काफी बेहतर सुधार था। शोधकर्ताओं ने कहा, भले ही इस अध्ययन का सैंपल साइज छोटा है लेकिन इसके परिणाम आशाजनक हैं। खासकर हम इस बात को लेकर काफी उत्साह हैं कि शुरुआती खुराक के तुरंत बाद तनाव और थकान से लोगों को राहत महसूस होने लगी। यह तनाव प्रबंधन के लिए भविष्य के उपचारों के लिए रास्ता खोलती है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें तत्काल राहत की आवश्यकता होती है।

**अश्वगंधा के और भी कई लाभ**

इससे पहले के अध्ययनों में भी अश्वगंधा के सेवन को कई प्रकार से लाभकारी पाया गया था।

अश्वगंधा के संभावित लाभों में एथलेटिक प्रदर्शन और नींद में सुधार के परिणाम मिलते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि यह जड़ी-बूटी स्ट्रेस और बांझपन जैसी स्थितियों से पीड़ित लोगों की भी मदद कर सकती है, लेकिन इस पर और अधिक गहन अध्ययन की आवश्यकता है। कुछ शोध डायबिटीज-ब्लड प्रेशर को कम करने में भी इसे प्रभावी मानते हैं।

पहले के कुछ अध्ययनों में भी अश्वगंधा को स्ट्रेस और एंग्जाइटी को कम करने वाला पाया गया था। इसे एडाप्टोजेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है, एक ऐसा पदार्थ जो शरीर को तनाव से निपटने में मदद करता है। इस नए शोध ने इन दावों को और भी पुष्ट कर दिया है। हालांकि किसी भी औषधि का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए, कुछ स्थितियों में इसके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

# कैल्शियम की कमी हड्डियों को बना देती है खोखला, करें ये उपाय



शरीर को फिट रखने के लिए हड्डियों का मजबूत होना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी के कारण कम उम्र में ही हड्डियों से संबंधित समस्याओं का जोखिम तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है, कैल्शियम की कमी को इसका एक कारण माना जा सकता है। भारत में कैल्शियम की कमी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है, अध्ययनों से पता चलता है कि विभिन्न आयु समूहों में लो कैल्शियम की दिक्कत देखी जाती रही है। अध्ययन में पाया गया कि भारत में शहरी क्षेत्र में स्कूल जाने वाले 59.9त्न बच्चों और किशोरों में कैल्शियम की कमी हो सकती है। कैल्शियम हड्डियों, दांतों, मांसपेशियों, नसों और हृदय के सामान्य कामकाज के लिए बहुत जरूरी खनिज है।



**क्यों होती है कैल्शियम की कमी**

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोगों को नियमित रूप से आहार में कैल्शियम युक्त चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कैल्शियम हड्डियों-दांतों से संबंधित लाभ के अलावा हृदय की लय और मांसपेशियों के संकुचन को भी नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण है। क्या आप अपने आहार के माध्यम से इस पोषक तत्व की पूर्ति कर पा रहे हैं? शरीर में अपर्याप्त कैल्शियम हाइपोकैल्सीमिया नामक स्थिति का कारण बन सकती है। इस समस्या में भ्रम, मांसपेशियों में ऐंठन, हाथ-पैर में सुन्नता और हड्डियों के फ्रैक्चर होने का खतरा अधिक होता है। कैल्शियम की कमी हड्डियों की ताकत को कम कर सकती है और ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र के साथ शरीर में कैल्शियम का अवशोषण घट जाता है, यही कारण है कि 50 की आयु के बाद वाले लोगों में इसकी महत्वपूर्ण कमी देखी जाती है। इसके अलावा महिलाओं में विशेषकर रजोनिवृत्ति के बाद, एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियां कमजोर होती हैं। आहार में डेयरी उत्पादों की कमी या किडनी-लिवर की बीमारी वाले लोग भी कैल्शियम की कमी से परेशान देखे जाते हैं। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप शरीर में कैल्शियम की पूर्ति कर सकते हैं।

**कैल्शियम के लिए इस बात का भी रखें ध्यान**

शरीर में कैल्शियम की पूर्ति के लिए विटामिन-डी वाले आहार की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। असल में कैल्शियम को अवशोषित करने के लिए शरीर को विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम हड्डियों के निर्माण और इसकी मजबूती को बनाए रखने में मदद करता है, जबकि विटामिन-डी आपके शरीर को कैल्शियम को प्रभावी ढंग से अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए भले ही आप पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम ले रहे हों, लेकिन विटामिन डी की कमी होने पर यह बेकार हो सकता है।

**कैल्शियम के लिए क्या खाएं?**

सभी मेवों में से बादाम में सबसे अधिक कैल्शियम होता है। केवल 28 ग्राम बादाम से आप कैल्शियम की दैनिक जरूरतों के 6त्न की पूर्ति कर सकते हैं। हड्डियों को स्वस्थ रखने के साथ दिमाग के लिए भी बादाम लाभकारी है।

दूध, दही और पनीर जैसे उत्पाद कैल्शियम से भरपूर होते हैं और इसके सेवन से शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम प्राप्त हो सकता है।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को रोजाना दूध का सेवन जरूर करना चाहिए। दूध से न सिर्फ कैल्शियम मिलता है साथ ही यह पूर्ण आहार भी माना जाता है। रोजाना दूध के साथ बादाम खाने से हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत रखने में विशेष लाभ मिल सकता है। हरी पत्तेदार सब्जियां सिर्फ आयरन ही नहीं कैल्शियम का भी बेहतर स्त्रोत हैं। गोभी, पालक और कोलार्ड कैल्शियम के अच्छे स्त्रोत हैं।



# ईसीजी टेस्ट क्या है, क्यों होती है इसकी जरूरत?

दुनियाभर में जिस तरह से कई प्रकार की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। लाइफस्टाइल और आहार में सुधार के साथ नियमित रूप से हेल्थ चेकअप के माध्यम से आप कई बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। हेल्थ चेकअप के जरिए ये जाना जा सकता है कि कहीं शरीर में कोई बीमारी तो नहीं बढ़ रही है? ईसीजी या इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट हृदय की समस्याओं का पता लगाने में मदद करती है। ये एक डायग्नोस्टिक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग दिल की विद्युत गतिविधियों को पता करने के लिए किया जाता है। ये संकेत दिल की धड़कन और रिदम की जानकारी देते हैं, जिसकी मदद से डॉक्टर पता करते हैं कि आपके दिल में सबकुछ ठीक है या नहीं?

**ईसीजी टेस्ट की जरूरत क्यों होती है?**

जब हमारा दिल धड़कता है तो इससे छोटे-छोटे इलेक्ट्रिकल सिग्नल उत्पन्न होते हैं जो मांसपेशियों को संकुचित करने का निर्देश देते हैं। ईसीजी मशीन इन सिग्नलों को रिकॉर्ड करके एक ग्राफ के रूप में दिखाती है। ईसीजी, डॉक्टर की सलाह पर कराया जाने वाला टेस्ट है। सीने में दर्द या जकड़न, धड़कनों के तेज या अनियमित होने, सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी या चक्कर आने और अत्यधिक थकान महसूस होने जैसी स्थितियों के कारण का पता लगाने के लिए डॉक्टर ईसीजी टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं।

**हृदय रोगों का पता लगाने में मिलती है मदद**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीजी शुरुआती चरण में हृदय की समस्याओं को पकड़ने में अत्यंत उपयोगी टेस्ट है। द लैंसेट में (2020) में प्रकाशित के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया गया कि ईसीजी की समय पर जांच से 30त्न तक हृदय रोग से मृत्यु के खतरे को कम किया जा सकता है। इसी तरह यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी की गाइडलाइन के अनुसार, ईसीजी अधिक जोखिम वाले हृदय रोगियों के लिए शुरुआती जांच में अनिवार्य है।

# क्या होता है कॉर्टिसोल हार्मोन, कैसे काम करता है





शरीर को ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए संतुलन की विशेष भूमिका होती है। संतुलन आहार का हो या हार्मोन्स का, दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। हार्मोन्स हमारे शरीर के कैमिकल होते हैं जो मैसेंजर (संदेशवाहक) की तरह से काम करते हैं। शारीरिक वृद्धि और विकास, मेटाबॉलिज्म, पाचन, बीमारियों से कैसे लड़ना है, आपको खुश रखना है या दुखी, इन सबमें हार्मोन्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोर्टिसोल ऐसा ही एक हार्मोन है जिसके बारे में हम इस लेख में बात करेंगे। कॉर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है जिसे आपकी एड्रेनल ग्रंथियां बनाती हैं। मुख्यरूप से इसे स्ट्रेस हार्मोन के तौर पर जाना जाता है जो तनाव की स्थिति में आपके शरीर की प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने में मदद करता है।

कॉर्टिसोल के कार्य बस यहीं तक सीमित नहीं हैं, इसकी हमारे शरीर में और भी कई प्रकार की भूमिकाएं होती हैं।

**कोर्टिसोल कैसे काम करता है?**

कोर्टिसोल आपके शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर आप थोड़े समय के लिए भी तनाव ग्रस्त हैं तो भी शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है। स्ट्रेस के समय, आपका शरीर कोर्टिसोल रिलीज करता है ताकि आप हाई अलर्ट पर रहें। एमिग्डाला, मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो भय और भावनात्मक उत्तेजनाओं जैसी भावनाओं को नियंत्रित करता है। तनावपूर्ण स्थिति के दौरान ये ब्रेन के एक हिस्से हाइपोथैलेमस को तनाव का संकेत भेजता है। बदले में, हाइपोथैलेमस पिट्यूटरी-एड्रेनल ग्रंथि को कोर्टिसोल का उत्पादन करने का संकेत देता है।

**कोर्टिसोल बढ़ने पर क्या दिक्कतें होती हैं?**

कोर्टिसोल का सामान्य स्तर तो ठीक है लेकिन जब इसका स्तर बहुत बढ़ जाता है तो इससे कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। उच्च कोर्टिसोल के कारण वजन बढ़ने, रक्तचाप और डायबिटीज, पेट पर चौड़े-बैंगनी रंग के निशान और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा रहता है। बढ़े हुए हार्मोन के स्तर के कारण लिवर और मांसपेशियों सहित कई अन्य हिस्सों पर असर हो सकता है।

**कोर्टिसोल के स्तर को कैसे कम करें?**

अगर आपका कोर्टिसोल लेवल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह लें। दिनचर्या में कुछ प्रकार के बदलाव करके कोर्टिसोल को नियंत्रित किया जा सकता है। अनिद्रा या रात की शिफ्ट में काम करने वालों में कोर्टिसोल के स्तर बढ़ सकता है। इसलिए रात में अच्छी नींद लें। नियमित शारीरिक गतिविधि से नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। सांस लेने वाले अभ्यास, मेडिटेशन की मदद से कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। हंसने और खुश रहते से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव बढ़ता है और कोर्टिसोल कम होता है। इसलिए मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लें।

# हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं है गुनगुना पानी!



गुनगुना पानी पीना सेहत के लिए आमतौर पर फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन को सुधारता है, वजन घटाने में मदद करता है, और शरीर को डिटॉक्स करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुनगुना पानी हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता? हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, कुछ लोगों को इसे पीने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इसका उल्टा असर हो सकता है और यह उनकी सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं कि कौन से लोग गुनगुना पानी पीने से बचें।

**हार्ट पेशेंट्स-** गुनगुना पानी शरीर में ब्लड फ्लो को बढ़ा सकता है। अगर किसी व्यक्ति को हार्ट से जुड़ी समस्याएं हैं, तो गर्म पानी उनका ब्लड प्रेशर असंतुलित कर सकता है। इससे चक्कर, थकान या बेचैनी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में हार्ट पेशेंट्स को गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए।

**लो ब्लड प्रेशर वाले लोग-** अगर आपका ब्लड प्रेशर हमेशा लो रहता है, तो गुनगुना पानी आपकी कंडीशन को और बिगाड़ सकता है। गर्म पानी नसों को फैलाता है, जिससे ब्लड प्रेशर और नीचे गिर सकता है, जो कि एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। इसलिए, ऐसे लोगों को गुनगुना पानी पीने से परहेज करना चाहिए।



**डिहाइड्रेशन या कमजोरी से जूझ रहे लोग-**गुनगुना पानी शरीर की गर्मी को बढ़ा सकता है, जिससे पसीना ज्यादा आता है। पसीने के कारण डिहाइड्रेशन और बढ़ सकता है, जो पहले से ही कमजोर या डिहाइड्रेटेड लोगों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए, जब डिहाइड्रेशन हो या कमजोरी महसूस हो, तो गुनगुना पानी पीने से बचें और ठंडा या सामान्य तापमान वाला पानी पिएं।

**तेज बुखार या इंफेक्शन वाले लोग-** जब शरीर में तेज बुखार हो, तो शरीर पहले ही गर्म होता है। ऐसे में गुनगुना पानी पीने से बुखार और बढ़ सकता है। डॉक्टर अक्सर बुखार में नॉर्मल टेम्परेचर वाला पानी पीने की सलाह देते हैं। इसलिए, तेज बुखार या इंफेक्शन होने पर गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए।

**प्रेग्नेंट महिलाएं-** प्रेग्नेंट महिलाएं, खासकर शुरुआत के महीनों में, गुनगुना पानी पीने से बचें। हालांकि सामान्य रूप से गुनगुना पानी से कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन बहुत गर्म पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी के दौरान नॉर्मल या ठंडा पानी पीना बेहतर होता है।

**अगर मौसम पहले से बहुत गर्म है-** गर्मी के मौसम में पहले से ही शरीर में हीट होती है। ऐसे में गुनगुना पानी पीने से शरीर में और अधिक गर्मी बढ़ सकती है, जिससे हीट स्ट्रोक या सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में गुनगुना पानी कम से कम पीने की कोशिश करें और सामान्य पानी पीने का ध्यान रखें। गुनगुना पानी के बहुत सारे फायदे होते हैं, जैसे पाचन में मदद करना, वजन घटाना और शरीर को डिटॉक्स करना, लेकिन यह सभी के लिए फायदेमंद नहीं होता। कुछ लोग, जैसे हार्ट पेशेंट्स, लो ब्लड प्रेशर वाले, डिहाइड्रेटेड लोग और प्रेग्नेंट महिलाएं को गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हमेशा अपनी सेहत के हिसाब से ही गुनगुना पानी पिएं और डॉक्टर की सलाह लें।

# तेज धूप में गन्ने का जूस पीने के हैं कई नुकसान





गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडक और ऊर्जा देने के लिए गन्ने का रस एक उपयोगी पेय है। गन्ने का जूस सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी माना जाता है। इस मौसम में भारत में तो चौराहे और नुक्कड़ों पर गन्ने का रस आसानी से मिल जाता है। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का रस पीना पसंद करते हैं। लोगों को लगता है कि पानी के बजाय गन्ने का जूस पीने से स्वास्थ्य लाभ भी होगा और प्यास भी बुझेगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तेज धूप में गन्ने का रस पीना सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसे पीने का समय और तरीका सही न हो, तो यह फायदे की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है।

**तेज धूप में गन्ने का जूस पीने के नुकसान**

चिलचिलाती धूप में शरीर पहले से गर्म होता है। ऐसे में गन्ने का ठंडा रस पीने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है, जिससे गैस, अपच या पेट में ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

गन्ने का रस प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है। गर्मी में पसीने से भीगा शरीर जब अचानक ठंडी चीज लेता है, तो इससे गला खराब हो सकता है या सर्दी-खांसी हो सकती है।

खुले में बिकने वाले गन्ने के जूस में हाइजीन की कमी हो सकती है। तेज धूप में गन्ने को खुले में रखना बैक्टीरिया पनपने का कारण बनता है, जिससे फूड पॉइजनिंग या पेट की इंफेक्शन हो सकती है।

गन्ने में प्राकृतिक शक्कर अधिक होती है। धूप में थके हुए शरीर में इसे तुरंत पीने से शुगर लेवल अचानक बढ़ सकता है, जिससे चक्कर या थकान महसूस हो सकती है।

**गन्ने का रस पीने का सही समय**

गन्ने का रस सुबह या दोपहर के समय पी सकते हैं, लेकिन धूप से आने के तुरंत बाद इसका सेवन न करें।

छांव या ठंडी जगह पर बैठकर जूस पिएं, ताकि शरीर का तापमान थोड़ा सामान्य हो जाए।

खाली पेट गन्ने के रस का सेवन न करें। हल्का नाश्ता करने के बाद ही इसे पीएं।

गन्ने के रस से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ को लेना है तो हाइजीन वाले जूस सेंटर से ही इसे लेकर पीएं या घर पर बनाकर पिएं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वादशी तिथौ शुक्र वासरे 11/46/ पूर्वा भाद्रपद नक्षत्रे 08/54/ ऐन्द्र योग 12/31/ तैतिल करणे 11/46/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक। प्रदोष व्रत। शुक्र उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में घं.23मि.32पर।

**मेष :** श्रम संघर्ष-प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होंगे। रुके द्रव्य की प्राप्ति होगी। यात्रायों की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** रोग बाधा रहेगी। रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कामकाज पूर्ण होंगे। आतिथ्य समागम होगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** कारोबारी विषमता दूर होगी। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। मन शांत रहेगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा उधर देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद विवाद टाले।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में बुधवार की शाम को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आम जनमानस की ओर से कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में धर्म पूछ कर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आतंकी हमले की घोर निंदा की गई। इस मौके पर वक्तओं ने एक स्वर से कहा कि आतंकियों की कायराना हरकत की निंदा की जाती है। भारत सरकार को चाहिए कि पाकिस्तान का नाम मिटा दे, जब तक पाकिस्तान रहेगा आतंकी घटनाओं को रोकना मुश्किल है। इस मौके पर राम गोपाल त्रिपाठी, किसान नेता रमेश बहादुर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, मृत्युन्जय बाजपेई, कैलाश बाजपेई, मंटू बाजपेई, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, चंद्र प्रकाश पांडे, आदित्य बाजपेई, आदर्श बाजपेई समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव सगुनी निवासी दो युवकों को विदेश भेजने के बहाने दो युवकों ने दो लाख सत्रह हजार रुपए हड़प लिए। खीरों पुलिस ने पीड़ित एक युवक की मां की तहरीर के आधार पर दो नामजद युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सगुनी निवासी पूनम पत्नी पुत्तीलाल ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती चार अक्टूबर 2023 को उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव दरियापुर निवासी रमित पुत्र गोवर्धन पासी और खीरों क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी उमाशंकर पुत्र अज्ञात मेरे घर पर आए और मुझसे कहा कि मेरे पास मलेशिया भेजने की व्यवस्था है। मैंने अपने बेटे पवन को मलेशिया में नौकरी करने के लिए भेजने को कहा। तभी मेरे गांव के कृपाशंकर भी आ गए। उन्होंने भी अपने बेटे अजय कुमार को मलेशिया में नौकरी करने के लिए भेजने की बात कही। रमित और उमाशंकर ने बताया कि मलेशिया भेजने के लिए प्रति व्यक्ति एक लाख बीस हजार रुपए लगेंगे। हम दोनों लोगों ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद नकद और आनलाइन ट्रांजेक्शन के रूप में पूनम ने एक लाख पांच हजार रुपए और अजय कुमार ने एक लाख बारह हजार रुपए भुगतान कर दिए। उसके बाद दोनों आरोपियों ने पवन और अजय कुमार को दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया लेकिन दोनों लोग पवन और अजय कुमार को मलेशिया नहीं भेज पाए तो लगभग एक सप्ताह बाद दोनों लोगों को वापस घर लौटा दिया। पैसा वापस मांगने पर दोनों आरोपी कुछ दिन टाल मटोल करते रहे। फिर उन्होंने अपना मोबाइल स्विच ऑफकर लिया है।

# चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली।** चार लोगों द्वारा पिता पुत्र के साथ गाली गलौज करने व पीटकर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव की है। बुधवार रात लगभग 9 बजे गांव के ही पवन व अखिलेश पुत्रगण रामकरनए रामप्यारी पत्नी रामकरण एवं संतोष पुत्र पवन ने एकराय हो देवता पुत्र बद्री प्रसाद 60 व गोपाल पुत्र देवता 20 के साथ गाली गलौज की और दोनों को पीटपीटकर घायल कर दिया। मामले में घायल देवता प्रसाद के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विद्यालयों में कैंप लगाकर लगाया टीकाकरण

**महराजगंज रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के १८ प्राथमिक विद्यालयों में कैंप लगाकर टीकाकरण किया गया। कैंप में मौजूद एएनएम द्वारा कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों को टीडी का टीका लगाया गया। बताते चले कि गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की टीम द्वारा करीब डेढ़ दर्जन प्राथमिक विद्यालयों में बच्ची को टीडी का टीकाकरण किया गया। बीसीपीएम शिवाकांत तिवारी ने बताया कि ज्योना, डोमापुर, चिरैंधा, जियापुर, अचली, हलोर, सिकंदरपुर, कुशढीसागर पुर, सलेथूए पुरानी बाजार, अलीपुर, अतरेहटा सहित अठारह प्राथमिक विद्यालयों में कैंप लगाया गया।जहां ३१२ बच्चों को टीका लगाया गया है। सभी विद्यालयों में एक एक एएनएम व एक सुपरवाइजर की मौजूदगी थी देखरेख के लिए दो सेक्टर पर्यवेक्षक भी बनाए गए। जिनमें से एक वह स्वयं थे दूसरे डबल्यूएचओ मानीटर अमन को बनाया गया था। अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि टीडी का टीका टेटनम और डिप्थीरिया से सुरक्षा प्रदान करता है, जैसे की गिरने से या फि र लोहा आदि से चोट लगती है तो यह इंजेक्शन लगाया गया। दस से सोलह साल के सभी बच्चों को यह टीका छः महीने में एक बार लगाना अनिवार्य होता है।अभियान चलाकर विद्यालयों में कैंप लगाकर सभी बच्चों को टीका लगाया जाएगा अभियान के पहले दिन १८ प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को टीका लगाया गया है, जो मान्यता प्राप्त विद्यालय हैं, उनमें भी कैंप लगाकर टीका करें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चकसहजा
## वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद–मऊ

पत्रांक– मेमो दिनांक– 22.04.2025

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग / 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग / अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान / मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गद्दा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण / मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण / मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम / सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम / 42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट / इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट / इण्टरलाकिंग इंट / जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट / विद्युत सामग्री / स्ट्रीट लाइट / हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री / पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट / सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल / प्रिकास्ट कंकरीट बैच / सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री / इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री / रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट– नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चकसहजा
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत चकसहजा
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ



## कार्यालय ग्राम पंचायत भतडी चक भतडी
## वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद–मऊ

पत्रांक– मेमो दिनांक– 22.04.2025

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग / 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग / अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान / मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गद्दा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण / मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण / मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम / सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम / 42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट / इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
**नई दिल्ली।** सोना गुरुवार को दिल्ली में 200 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। स्टॉकिस्टों और आभूषण विक्रेताओं की ताजा खरीदारी व डॉलर के कमजोर होने से सोने की कीमतों में यह बढ़त दिखी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से फिसल गई थी। इसके भाव 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गए। सोना 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपए बढ़कर 98,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह सोना 98,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



**फोनपे:** फोनपे ने आज अक्षय तृतीया के मौके पर 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड पर आकर्षक कैशबैक ऑफ़र्स की घोषणा की है। यूज़र्स को फ़ोनपे के प्लेटफॉर्म पर कम से कम 2000 या इससे अधिक के डिजिटल गोल्ड की वन-टाइम ख़रीदारी पर फ़्लैट 1प्रतिशत कैशबैक (?2000 तक) मिलेगा। यह ऑफ़र केवल 30 अप्रैल को किए गए वन-टाइम ट्रांज़ेक्शन* पर लागू होगा (प्रत्येक यूज़र के लिए केवल एक बार लागू)। इस ऑफ़र का लाभ लेने के लिए यूज़र्स यूपीआई, यूपीआई लाइट, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड, वॉलेट और गिफ़्ट कार्ड जैसे कई पेमेंट विकल्पों के ज़रिए पेमेंट कर सकते हैं।

**सेफएक्सप्रेस:** सेफएक्सप्रेस ने गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में अपने अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया है। एनएच-334सी, जीटी रोड, बैरंगपुर, दादरी के महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित यह लॉजिस्टिक पार्क इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च के अवसर पर सेफएक्सप्रेस के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**ओरा:** अक्षय तृतीया के दिन विशेषकर सोने और ज्वेलरी में निवेश किया जाता है। समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक यह उत्सव गहरा सांस्कृतिक महत्व रखता है। वहीं ओरा की एनिवर्सरी सेल ने इस त्योहार की खुशी को और ज्यादा बढ़ा दिया है क्योंकि इस सेल में ओरा द्वारा ग्राहकों को अक्षय तृतीय कलेक्शन पेश करके यह पारंपरिक उत्सव आधुनिक वैभव के साथ मनाने का मौका दिया जा रहा है। इन दोनों खुशियों ने पूरे देश में ज्वेलरी प्रेमियों को परंपरा और वैभव का जश्न मनाने का अवसर एक साथ दिया है।अक्षय तृतीया के लिए ओरा की एनिवर्सरी सेल में हर किसी के लिए विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। ओरा फाईन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपू मेहता ने कहा ओरा ज्वेलरी केवल एक एक्सेसरी नहीं है। यह एक भावना, एक विरासत और एक जश्न का प्रतीक है।

# भूमिगत कोयला खनन में तेजी लाने के लिए अग्रिम भुगतान माफ

**नई दिल्ली।** भूमिगत कोयला ब्लॉकों के परिचालन में तेजी लाने के लिए सरकार ने गुरुवार को अग्रिम भुगतान माफ करने जैसे नए प्रोत्साहनों की घोषणा की। भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने से जुड़ा यह कदम देश के टिकाऊ कोयला उत्पादन अभियान के तहत उठाया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, ÷भारत के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, कोयला मंत्रालय ने भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरू किए हैं।

**पेटीएम मनी:** पेटीएम मनी ने निवेशकों के लिए सस्ती और सुलभ ट्रेडिंग को बढ़ावा देने हेतु पे लेटर (एमटीएफ) के लिए ब्याज दरों में कटौती और संशोधित ब्रोकरेज की घोषणा की। अब 14.99प्रतिशत प्रतिवर्ष की वर्तमान दर से घटाकर 9.75प्रतिशत प्रतिवर्ष की लचीली ब्याज दर की शुरुआत, जिससे ट्रेडिंग करना अधिक किफायती होगा। पे लेटर (एमटीएफ) के ज़रिए निवेशक अब कुल लागत के एक हिस्से में ही स्टॉक्स ख़रीद सकते हैं। फंडिंग साइज़ के आधार पर स्लैब-बेस्ड ब्याज दर संरचना के ज़रिए निवेशकों को अनुकूलित दरें मिलेंगी, जिससे निवेश पहले से कहीं अधिक किफायती होगा। पेटीएम मनी के प्रवक्ता ने कहा हम भारत में संपत्ति प्रबंधन को लोकतांत्रिक बनाने के अपने मिशन के तहत निवेशक-अनुकूल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**द रॉयल्स:** कानपुर,नेटफ़्लिक्स की द रॉयल्स का ट्रेलर प्रीमियर 9 मई को होगा । द रॉयल्स को डायरेक्ट किया है प्रियंका घोष और नूपुर अस्थाना ने, इसे लिखा है नेहा वीणा शर्मा ने और ये सीरीज़ बनी है प्रीतिश नंदी कम्यूनिकेशन्स के बैनर तले। इसे बनाया है रंगिता प्रितिश नंदी और इशिता प्रितिश नंदी ने, जिन्हें उनके पॉप-कल्चर सेंस और स्मार्ट स्टोरी टेलिंग के लिए जाना जाता है। कलाकारों में झीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान सामत, काव्या त्रेहान, सुमुखी सुरेश, उदित अरोरा, लीसा मिश्रा और ल्यूक केनी जो मोरपुर के तपती धूप से भरी कहानी में दिखाई देंगे।

**व्यापार विस्तार:** एनएसई और बीएसई लिस्टेड नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी कैंडिड फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को नोकंट्रोल ब्रांड नाम से लॉन्च करेगी।

# भारत वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार

**नई दिल्ली।** भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं।

**पेशकश:** फैशन ब्रांड बॉम्बे शर्ट कंपनी ने लखनऊ के फीनिक्स पलासियो मॉल में अपना नया स्टोर खोलकर देशभर में और खासकर उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी को और मज़बूत किया है। दिल्ली में पहले से ही उनके 4 स्टोर हैं। उनका यह नया स्टोर उनके सभी प्रोडक्ट कैटेगरीज को कवर करता है। यहां मिलने वाली ग्राहक सेवा को उनके क्षेत्र में सबसे बेहतरीन में से एक माना जा रहा है। सह-संस्थापक और सीओओ आदित्य चिप्पी मेहता कहते हैं, काफ़ी वक्त हो गया था किसी नए शहर में कदम रखे हुए।

**एचपी:** एचपी ने आज भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की अपनी सबसे शक्तिशाली एवं व्यापक लाइनअप का अनावरण किया। नई एचपी इलाइटबुक, एचपी प्रोबुक और एचपी ओमनीबुक सीरीज को बड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स एवं रिटेल यूजर्स की कंप्यूटिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इंटेल कोर अल्ट्रा 200 वी सीरीज, एएमडी राइजेन एआई 300 सीरीज और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स, एक्स इलाइट, एक्स प्लस समेत नवीनतम प्रोसेसस लैस इस पोर्टफोलियो में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है, जिसकी क्षमता 40 से 55 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड (टीओपीएस) है। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर इप्सिता दासगुप्ता ने कहा, 'भारत अपने डिजिटल सफर के बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव है। सीनियर डायरेक्टर - पर्सनल सिस्टम्स विनीत गेहानी ने कहा, 'भारत विविधता से पूर्ण और डायनामिक मार्केट है, जहां लोग ऐसी टेक्नोलॉजी चाहते हैं, जो शक्तिशाली भी हो और आसान पहुंच में भी हो।

# डीओसी मांग कमजोर होने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। सीपीओ एक्स-कांडला- 7,900 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स-कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

**स्विगी सिक्स:** स्विगी भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीन्यन्स प्लेटफ़ॉर्म ने स्विगी सिक्स लॉन्च किया है, जो एक रीयल टाइम, मैच-लिंक्ड ऑफ़र है, जिसेइसक्रिकेट सीज़न को और रोमांचक बनाने और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट के शानदार ऑफ़र को पाने के लिए बनायागया है। देश भर में क्रिकेट की दीवानगी बढ़ने के साथ, स्विगी सिक्स प्रशंसकों को हर सिक्स पर एकअनूठी फूड डील के साथ जश्न मनाने का मौका देता है, जिससे खेल के साथ स्वाद का आनंद भी जुड़ जाता है। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकूने इस मुहिम पर कहा, हम अपने उपभोक्ताओं के रोजानाके पलों को यादगारबनाने के लिए लगातार बेहतरीनतरीके तलाश रहे हैं।

**श्रंखला विस्तार:** स्मार्ट होम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर ड्रीम टेक्नोलॉजी ने अभिनेत्री कृति सेनन को अपना पहला भारतीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह पार्टनरशिप भारतीय बाजार में इनोवेटिव और इंटेलिजेंट होम सॉल्यूशन्स लाने की ड्रीमी की यात्रा में एक अहम पड़ाव है, जो रोज़मर्रा के घरेलू कामों को अधिक आसान और असरदार बनाने की दिशा में एक नई परिभाषा गढ़ रही है। कृति सेनन और ड्रीमी टेक्नोलॉजी की यह साझेदारी भारत में कंपनी की मौजूदगी को और मज़बूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका मकसद ऐसे भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर स्मार्ट सॉल्यूशन्स देना है, जो सफाई और पर्सनल केयर के लिए इंटेलिजेंट प्रोडक्ट्स चाहते हैं, ताकि वे अपने सपनों की ज़िंदगी पर फोकस कर सकें। ड्रीम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनु शर्मा ने कहा, ÷हम कृति सेनन का ड्रीम परिवार में स्वागत करके बेहद खुश हैं।

# सर्वदलीय बैठक में दिखी राजनीतिक एकजुटता की तस्वीर

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** बीते मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में

## आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर सभी दलों ने जताई आतंकवाद पर शून्य-सहिष्णुता पर सहमति

पाकिस्तान समर्थिक आतंकवादियों द्वारा सीमा पार से घुसपैठ कर अंजाम दिए गए निर्दोष पर्यटकों के नृशंस हत्याकांड के पूरे मामले को लेकर जिस तरह समूचा देष आक्रोशित और आंदोलित है उसी तरह देश की राजनीतिक पार्टियां भी इस प्रकरण पर ना सिर्फएकमत और एकजुट हैं बल्कि आतंकवाद के समूल नाश के केन्द्र सरकार के संकल्प के साथ पूरी मजबूती से खड़ी हैं। इसकी बानगी आज पहलगाम मामले को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक में भी दिखाई पड़ी जिसमें आंतरिक मामलों से जुड़े आपसी मतभेदों को दरकिनार कर तमाम राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ एक सुर में शून्य सहिष्णुता की बात कहते हुए सरकार के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया। पहलगाम के मामले को लेकर हुई इस सर्वदलीय बैठक में किस कदर खुले मन से चर्चा हुई इसका सहज अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब कांग्रेस की ओर से इसमें सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक का मसला उठाया गया तो इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस सवाल को बिना किसी लाग-लपेट के ना सिर्फ जायज बताया बल्कि यह भी कहा कि अगर चूक नहीं हुई होती तो हम लोग यहां क्यों बैठे होते? बैठक में सभी दलों ने एक सुर में आश्वस्त किया कि आतंकवाद के समूल नाश का लक्ष्य सामने रखकर आगे बढ़ रही सरकार के साथ उनका पूरा समर्थन है और इस दिषा उठाए जाने वाले सभी कदमों व कार्रवाईयों में वह में सरकार के साथ पूरी तरह एकजुट रहेंगे।

पहलगाम में हुए आतंकी वारदात के मामले पर विस्तृत चर्चा करने के लिए आज शाम राजधानी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि तमाम सियासी दलों के बीच आंतरिक मसलों पर भले ही राजनीतिक मतभेद हों लेकिन जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद की हो तो पूरा भारत एकजुट खड़ा है। आज की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मीडिया विभाग के संयोजक अनिल बलूनी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सपा के राम गोपाल यादव, एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले, एनसीपी के श्रीकांत शिंदे व प्रफुल्ल पटेल, राजद के प्रेम चंद गुप्ता, डीएमके के तिरुचि शिवा, बीजेडी के सस्मित पात्रा, आप के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, वाईएसआरसीपी के मिथुन रेड्डी और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक की समाप्ति के बाद किरेन रिजिजू ने बताया कि अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले की विस्तृत जानकारी देते हुए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में लिए गए निर्णयों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति पर अडिग है और इस हमले के जिम्मेदार लोगों को हर हाल में सजा दी जाएगी। राजनाथ ने यह भी बताया कि खुफिया तंत्र और सैन्य बलों को इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए पूरी छूट दी गई है। रिजिजू ने बताया कि बैठक में विस्तृत राजनीतिक सहमति देखने को मिली जहां विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट मोर्चा बनाने की जरूरत पर बल दिया। रिजिजू के मुताबिक सभी ने माना कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश को एकजुट रहना चाहिए और इस लड़ाई में सभी राजनीतिक दल सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में खुफिया ब्यूरो और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने हमले की पृष्ठभूमि और भविष्य की रणनीतियों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मौके पर सरकार के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताते हुए यह भी कहा कि इस हमले से खुफिया तंत्र की कमजोरी उजागर हुई है और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद जैसे मसले पर राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर एकजुटता जरूरी है। इसी प्रकार आप नेता संजय सिंह ने मौजूदा हालातों में एकजुटता को आवश्यक करार देते हुए कहा कि सरकार के हर उस कदम का समर्थन किया जाएगा जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है।

# दिल्ली में भारी जनाक्रोश का सार्वजनिक प्रदर्शन करने की तैयारी

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सड़क पर उतरेंगे साधु-संत, व्यापारियों ने बाजार बंद रखने का किया ऐलान




**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर नृशंस नरसंहार को अंजाम दिया है उससे पूरा देश बुरी तरह उबल रहा है। हालांकि केन्द्र सरकार की ओर से फौरी कार्रवाई करते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित करने से लेकर दूतावास को तालाबंदी के कगार पर पहुंचा देने सहित पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा निरस्त कर देश से खदेड़ने और अटारी सीमा सील कर देने सरीखे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सार्वजनिक मंच से ऐलान कर दिया गया है कि भारत की आत्मा पर हुए इस आघात का ऐसा बदला लिया जाएगा जिसकी इस वारदात को अंजाम देने वालों से लेकर इस साजिश में शामिल लोगों ने कल्पना भी नहीं की होगी। यहां तक कि पीएम मोदी ने आतंक की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिला देने का संकल्प ले लिया है। लेकिन सरकार के इस कड़े रुख के बावजूद पूरे देश की ही तर्ज पर राजधानी दिल्ली का जनाक्रोश भी शांत नहीं हो रहा है। यही कारण है कि दिल्ली में पहलगाम नरसंहार के खिलाफ पैदा हुए भारी जनाक्रोश का लगातार प्रदर्शन हो रहा है और जहां एक ओर आज पाकिस्तान दूतावास के सामने प्रदर्शन से लेकर सूबे के मुख्य विपक्ष दल द्वारा विरोध मार्च और पूर्वी दिल्ली में आचार्य विक्रमादित्य की अगुवाई में प्रदर्शन एवं दक्षिणी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य समाज मंदिर में राष्ट्र रक्षा यज्ञ के आयोजन सहित व्यापारियों और कलाकारों ने भी काली पट्टी बांध कर सड़क पर प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को और अधिक बड़े स्तर पर जनाक्रोश के सार्वजनिक प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। इसके तहत जहां एक तरफ विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने साधु-संतों के सानिध्य में जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है वहीं देश भर के छोटे एवं मंझोले व्यापारियों की सबसे बड़ी संस्था कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट की ओर से राजधानी दिल्ली के तमाम छोटे-बड़े व्यावसायिक केंद्रों में बाजार बंद रखने की घोषणा की गई है।

हालांकि विहिप और बजरंग दल की ओर से बताया गया है कि शुक्रवार को पहलगाम नरसंहार के विरोध में पूरे देश में जनाक्रोश का व्यापक प्रदर्शन कर जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा लेकिन चूंकि मामला सामने आने के बाद समूचे संसार की नजरें राजधानी दिल्ली पर टिकी हुई हैं लिहाजा यहां जनाक्रोश के विराट स्वरूप को प्रदर्शित करने की तैयारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया है कि दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा जिसमें साधु-संतों के साथ ही हजारों की तादाद में आम लोग भी हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शन के बारे में श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी राघवानंद ने बताया कि दिल्ली के सभी सनातन धर्म मंदिरों एवं सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से इसके लिए संपर्क करके यह सुनिश्चित किया गया है कि एकजुट होकर मजबूती से अपने आक्रोश का प्रदर्शन करने के लिए अधिक से संख्या में सभी लोग जंतर-मंतर पहुंचें। इसके अलावा दिल्ली के व्यापारी वर्ग ने भी शुक्रवार को बाजार बंद रखने का ऐलान किया है जिसके तहत सदर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, खान मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजीव मेहरा और चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजीव बत्रा सहित अलग-अलग व्यापारी संघों ने भी सरकार से पहलगाम की वारदात का मजबूती से बदला लिए जाने की मांग करते हुए इस घटना के विरोध में एक दिन के लिए बाजार बंद रखने पर सहमति जताई है। इसके लिए कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने भी बंद का आह्वान करते हुए बाजारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की है।

# पंद्रह पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अदवा कालोनी मोड़ से पुलिस ने पंद्रह पाउच देशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

एसआई चरण सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल बृजेश राय के साथ मुखबिर की सूचना पर अदवा कालोनी मोड़ से पटपरा गांव निवासी सुजीत पटेल को गिरफ्तार कर आरोपित के पास से पंद्रह पाउच देशी शराब ब्लू लाइम बरामद करते हुए आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की पंद्रह पाउच देशी ब्लू लाइम शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चकजाफरी**
**वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद–मऊ**

पत्रांक– मेमो दिनांक– 22.04.2025

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम/42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग इंट/जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल/प्रिकास्ट कंकरीट बैच/सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट– नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चकजाफरी
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत चकजाफरी
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ


# जंगल में पानी की व्यवस्था नहीं, गांवों में पंहुच रहे जानवर

**हलिया (मिर्जापुर)।** भीषण गर्मी में हलिया के जंगल में जंगली जानवरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर हिंसक हो जा रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों के घरों में घूस जा रहे हैं। जंगल में नाला, तालाब,नदी सुख जाने पर भी जंगली जानवरों को पानी की भारी किल्लत हो गई है जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्ती में पंहुच रहे हैं। जंगली जानवरों को जंगल में पानी की व्यवस्था के लिए वन विभाग द्वारा बनाए गए वाटर होल व चेकडैम में टैंकर के माध्यम से पानी भरने के लिए धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी नहीं भरा जा रहा है। जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं। कैमूर वन्यजीव प्रभाग के हलिया रेंज के जंगलों में निवास करने वाले जंगली जानवरों को पानी के लिए समुचित व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर लोगों के उपर हमला कर रहे हैं।इतना ही नहीं जंगल से गुजर बाणसागर नहर में जंगली जानवर पानी पीने के चक्कर में गिरकर अपनी जान तक गंवा दे रहे हैं।बीते वर्ष हिंसक जानवर तेंदुआ पानी की तलाश में भटकर बेलाही के बरहरवा मुहल्ले में पहुंचकर श्रवण कोल के उपर हमला करते हुए लालबहादुर कोल के घर में घूस गया था।

# सुखड़ा डाक बंगला पर तीन जिलों के पुलिस अधिकारियों संग नक्सल समस्या पर बैठक



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सुखड़ा स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला परिसर के सभागार में बुधवार को नक्सल प्रभावित जिला सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समीपवर्ती नक्सल प्रभावित चंदौली, मिर्जापुर व सोनभद्र के पुलिस अधिकारी शामिल रहे। बैठक में नक्सली गतिविधियों पर चर्चा के दौरान उन पर नजर रखने पर बल दिया गया और बताया गया कि समय समय पर इनकी स्थानीय थाने पर उपस्थिति दर्ज कराई जाए। नक्सली गांवों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी की इस दौरान की गई।बताया कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चौकसी बरती जा रही है। वन क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चंदौली जनपद में चार जिलों के पुलिस व पीएसी के अधिकारियों ने बैठक के दौरान अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं आदान प्रदान किए और उस पर गहन मंत्रणा भी की। चंदौली के अलावा, मिर्जापुर व सोनभद्र पुलिस व पीएसी के अधिकारियों ने मंथन कर इसमें सतर्कता बढ़ाने और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर सहमति बनाया। तय हुआ कि कांबिंग बढ़ाकर नक्सल गतिविधियों पर नजर रखी जाए।अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल सोनभद्र के नेतृत्व में हुई बैठक में जेल से छूटकर आए नक्सलियों की आय के स्रोतों का व उनसे मिलने-जुलने वालों का पता लगाने पर मंथन किया गया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, राजगढ़ से उपनिरीक्षक रविप्रकाश, करमा से जय राम सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, इमरान खान, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



**चुनार(मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गंगेश्वर नाथ मोहल्ले के निवास रोहित साहनी(27) पुत्र कैलाश साहनी लोहे के गाडर में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के छोटाभाई संदीप ने बताया कि घर में रात्रि खाना खाकर अपने रूम मे चला गया। सीढ़ी पर लगा गार्डन में कब फांसी लगाकर लटक गया यह किसी को पता नहीं बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे सो कर हम लोग उठे तो देखा कि साड़ी के सहारे गाटर में लटका हुआ है। जिसकी सूचना कोतवाली में दिया गया सूचना पाकर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य व चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौर्य हे0कांस्टेबल इंद्रबली राय पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए मिर्जापुर भेजा। मृतक की शादी अभी नहीं हुई थी मृतक दो भाई दो बहन है।चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य व भाई संदीप ने बताया कि काफी तनाव में रहता था पहले नाव चलाता था व बिल्डिंग की शटरिंग करता था काम न होने के कारण तनाव में रहता था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नगपुर**
**वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद–मऊ**

पत्रांक– मेमो दिनांक– 22.04.2025

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधारोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़जा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोखता गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट सामग्री, लाइट, खेलकूद, कोविड 19 सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एएनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, ग्राउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत म्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता **दिनांक 25.04.2025 से दिनांक 29.04.2025 को सायं 04:00 बजे तक** सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जायेंगी। जो **दिनांक 30.04.2025 को अपरान्ह 02:30 बजे बजे** खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग इंट, इंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, चालू, सरिया, लकड़ी लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स, गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क, लाइट, सेनेटाइजर सहित, खेलकूद से पार्क में व्यायाम करने से सम्बन्धित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभाधविकास खण्ड जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | लम्बाई | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. इंट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बेग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन, ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक, इंट गिट्टी 20 एमएम/42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकट/इसबेस्टर सीट, पैनल आगरन, समरसेबुल, बिरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैकर्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग इंट/जागजेड़ा इण्टरलाकिंग इट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाइट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाइट/हाइमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 250 एम. एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी0 | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | मिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य सम्बन्धित सामग्री, प्रिकास्ट, कंकरीट वैच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं इंगल/प्रिकास्ट कंकरीट बैच/सीमेन्ट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के सम्बन्धित सामग्री/इण्डिया मार्क 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिपोच | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेंट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | बालू पन्टिंग व प्रचार प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियी कैमरा, दिशासूचक बोर्ड पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना, चोकर, भूसा | | |
| 21 | मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |

नोट– नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नगपुर
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ

सचिव/ग्रा.वि.अधि.
ग्राम पंचायत नगपुर
वि.खं. मुहम्मदाबाद गोहना,
जनपद–मऊ



**कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद–अयोध्या**

पत्रांक :- 36/न0पं0भ0/गौशाला-भूसा/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक - 23 अप्रैल 2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण/फर्मों/ठेकेदारों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा के राजेपुर स्थित गौशाला में आश्रित गौवंश/पशुओं के चारे इत्यादि की व्यवस्था किये जाने हेतु निम्नांकित पशु आहार/चारें का आपूर्ति/क्रय किया जाना है, जिसकी आपूर्ति/क्रय आवश्यकतानुसार समय-समय पर लिया जायेगा। पशु आहार/चारें की आपूर्ति वर्ष 2025-26 की शेष अवधि व 2026-27 (मार्च 2027 तक) के लिये दर अनुबंध हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक : 12 मई 2025 को शाम 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन शाम 03:30 बजे फर्मों/ठेकेदारों के उपस्थित/अनुपस्थित में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक : 10 मई 2025 को समय 04:00 पी.एम. तक 1000.00 रू0 नगद मूल्य पर कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा से की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र0 | पशु चारों का विवरण |
|---|---|
| 1 | भूसा |
| 2 | हरा चारा |
| 3 | रेडीमेड पशु आहार (प्रतिष्ठित कम्पनी का) |
| 4 | चूनी-चोकर |

**मुख्य शर्तें:**-1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर आयकर व जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/-रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ 10,000.00 (दस हजार रू0 मात्र) की एन0एस0सी0/ एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0, जो अधिशासी अधिकारी न0पं0 भरतकुण्ड भदरसा के पदनाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है। 3. निविदा स्वीकृत के उपरान्त अनुबंध कराने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। 5. उक्त आपूर्ति का कार्य कार्यालय न0पं0 भरतकुण्ड भदरसा स्थित गौशाला राजेपुर में करना अनिवार्य है, इस हेतु किसी अन्य प्रकार का भाड़ा/शुल्क देय नहीं होगा। 6. निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 7. अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। 8. कार्य संतोषजनक होने तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

(इन्द्र प्रताप)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत भरतकुण्ड–भदरसा
अयोध्या

(मो0 राशिद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भरतकुण्ड भरदसा
अयोध्या



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## ओसामा की तरह होगा पाक सेना प्रमुख का अंजाम?

# असीम मुनीर को आतंकवादी करार दिया जाए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के बाद

### पूर्व अधिकारी ने कहा मुनीर के बयान से मिला पहलगाम हमले को उकसावा

अमेरिका के रक्षा विभाग पैंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट (एईआई) के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने अमेरिका से पाकिस्तान को आतंकवाद प्रायोजित देश घोषित करने और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर को आतंकवादी करार देने की मांग की है। माइकल रुबिन ने कहा, ओसामा बिन लादेन और असीम मुनीर में फर्क सिर्फ इतना है कि ओसामा गुफा में रहता था और असीम मुनीर महल में। दोनों के इरादे एक जैसे हैं और अंजाम भी एक जैसा होना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को अब और मासूम बनाकर पेश नहीं किया जा सकता। आप सूअर के ऊपर लिपस्टिक लगा सकते हैं, लेकिन वो सूअर ही रहेगा। आप पाकिस्तान को आतंकी समर्थक देश नहीं मानने का दिखावा कर सकते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि वह आतंकवाद का संरक्षक है। रुबिन ने पहलगाम के हमले की तुलना 7 अक्टूबर 2023 को इज़राइल पर हुए हमास हमले से की। उन्होंने कहा, जिस तरह हमास ने शांति की बात करने वाले यहूदियों को निशाना बनाया, उसी तरह पाकिस्तान ने मध्यमवर्गीय हिंदुओं पर हमला किया। दोनों हमले टूरिस्ट्स और आम नागरिकों के खिलाफ थे।



रुबिन ने कहा कि अब भारत को भी वही करना चाहिए जो इज़राइल ने हमास के खिलाफ किया। अब वक्त आ गया है कि भारत पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी [illegible] की कमान को खत्म करे, उसे आधिकारिक तौर पर एक आतंकी संगठन घोषित किया जाए और भारत के सहयोगी देश भी यही कदम उठाएं। रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के हालिया बयान ने इस हमले को उकसाया। उन्होंने कहा, मुनीर ने कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान की गले की नस है। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने इस हमले के लिए हरी झंडी दी थी। अब भारत को पाकिस्तान की गले की नस काटनी चाहिए। रुबिन ने कहा कि प्रारंभिक खुफिया संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। चाहे वह जियोग्राफ़ी हो, पिछली घटनाएं हों या आतंकी नेटवर्क की विचारधारा, हर संकेत पाकिस्तान की ओर इशारा करता है। यह कोई संयोग नहीं है।

# ईरान को यूरेनियम संवर्धन छोड़ना ही होगा : अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत हुई और इस सप्ताहांत तकनीकी स्तर की बातचीत होने की उम्मीद है। समझौते में ईरान

### विदेश मंत्री रूबियो बोले सभी समझौता संभव

की कोशिश है कि उसे प्रतिबंधों में ढील दी जाए, ताकि प्रतिबंधों से उसकी अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को रोका जा सके। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ये बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है और वे इससे परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहते। मार्को रूबियो ने कहा कि अगर ईरान नागरिक परमाणु समझौता चाहता है तो ये हो सकता है, लेकिन उसके लिए उन्हें संवर्धित यूरेनियम आयात करना पड़ेगा।

## एक नज़र

### पाकिस्तान ने किया मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत की तरफ से कड़ी प्रतिक्रिया दिए जान के एक दिन बाद ही पाकिस्तान ने मिसाइल टेस्ट करने का ऐलान किया है। खबर है कि इस परीक्षण पर भारतीय एजेंसियां बारीकी से नजर रख रही हैं। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब मंगलवार को ही जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। आशंका जताई जा रही है कि इस हमले में पाकिस्तानी आतंकवादी शामिल हो सकते हैं। एजेंसी ने रक्षा सूत्रों के हवाले से लिखा है, पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए अधिसूचना जारी की है। सूत्रों ने यह भी कहा, संबंधित भारतीय एजेंसियां सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रही हैं। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि भारत ने पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को तलब किया है। साथ ही सैन्य राजनयिकों के लिए औपचारिक पर्सोना नॉन ग्रेटा नोट सौंपा है।

### अमेरिका ने जारी किया कश्मीर न जाने का परामर्श

**वाशिंगटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा न करने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के कई शहर हाई अलर्ट पर हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सलाह में कहा है कि अमेरिकी नागरिकों को ये याद दिलाया जाता है कि विदेश विभाग ने जम्मू-कश्मीर के लिए यात्रा न करने की सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है। बता दें, भारत ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार संबंधों के मद्देनजर 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया तथा पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने की घोषणा की, जिसमें उसके सैन्य राजनयिकों को भारत से बाहर करना भी शामिल है।

### यूक्रेन पर रूसी हमले में नौ की मौत

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता के बीच और भी ज्यादा भड़कता हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस की तरफ से ड्रोन और बैलेस्टिक मिसाइल हमले किए गए। कीव प्रशासन के मुताबिक इन हमलों में मारे गए 9 लोगों में 6 बच्चे शामिल हैं। इसके साथ ही करीब 70 लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कीव प्रशासन ने इस हमले में ड्रोन्स के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइल के इस्तेमाल की भी आशंका जताई। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मिसाइल और ड्रोन हमलों की वजह से कई आवासीय क्षेत्रों में धमाके हुए, जिससे वहां पर आग लग गई। स्थानीय समयानुसार रात करीब 1 बजे यूक्रेन की राजधानी में जोरदार धमाके हुए, कीव प्रशासन की ओर से सायरन बजाकर स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाने की चेतावनी दी गई।

### 'मुस्लिम ब्रदरहुड' जॉर्डन में बैन

**अम्मान।** दुनिया के सबसे बड़े सुन्नी इस्लामिक संगठन मुस्लिम ब्रदरहुड पर जॉर्डन ने पाबंदी लगा दी है। इस संगठन पर जॉर्डन ने यह कहते हुए पाबंदी लगाई है कि इससे जुड़े लोग हथियार जमा करते हैं और लोगों में कट्टरता फैलाते हैं, जो देश के लिए खतरा है। इसलिए ऐसे संगठन पर बैन लगाना ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहतर होगा। जॉर्डन के गृह मंत्रालय ने मुस्लिम ब्रदरहुड पर पाबंदी का फैसला लिया है। इसी संगठन को हमास बनाने का जिम्मेदार माना जाता है। मिस्र से शुरू हुआ यह संगठन फिलहाल दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। दुनिया भर के मुसलमानों को एकजुट रखने को अपना एजेंडा बताने वाले मुस्लिम ब्रदरहुड को मध्य पूर्व के देशों में बीते दशक में आंदोलन की भी वजह माना जाता है।

### सर्वे : ट्रंप की लोकप्रियता में आई गिरावट

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रंप पर से कम हो रहा है। हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रंप के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनॉमिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रंप की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रंप के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रंप की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष्ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रंप की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है।

# खून से सने कपड़े पहन बेटी ने दिया अर्थी को कंधा

**पुणे।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले में अपनी जान गवाने वाले लोगों में शामिल पुणे निवासी 26

### पहलगाम में मारे गए संतोष का अंतिम संस्कार हुआ

वर्षीय संतोष जगदाले की बेटी ने खून से सने वही कपड़े पहनकर गुरुवार को अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया जो उन्होंने हमले के समय पहन रखे थे। यह देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। संतोष की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए और उन्होंने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। पहलगाम में मंगलवार को हुए इस आतंकवादी हमले में जगदाले की बेटी असावरी और उनकी पत्नी बच गईं लेकिन वह और उनके बचपन के दोस्त कौस्तुभ गणबोटे की मौत हो गई। जगदाले और गणबोटे के पार्थिव शरीर गुरुवार सुबह पुणे लाए गए। पुणे के इन दो लोगों का अंतिम संस्कार नवी पेठ क्षेत्र के वैकुंठ में विद्युत शवदाह गृह में किया गया। दुख



की इस घड़ी में पूरा शहर शोक में डूबा हुआ है। मृतकों के रिश्तेदार और हजारों अन्य लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने जगदाले और गणबोटे के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके परिवारों ने पवार से मुलाकात के दौरान मांग की कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। महाराष्ट्र की मंत्री माधुरी मिसल भी जगदाले के घर गईं।

# इस दुःख समय में भारत के साथ ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री लिसा नंदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे

### पहलगाम हमले के बाद बोलीं ब्रिटिश मंत्री

गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कुछ क्षण का मौन रखा और ब्रिटिश सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके मंत्रालय एवं लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नंदी ने कहा कि यह एक बहुत कठिन समय है, क्योंकि दुनिया 'भयावह आतंकवादी हमलों' के प्रभाव को झेल रही है। नंदी ने कहा, 'भारत और ब्रिटेन के बीच संबंध हमेशा से मजबूत और गहरे रहे हैं तथा ऐसे



समय में मित्र मायने रखते हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही कह चुके हैं, हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ खड़े हैं।' भारतीय मूल की मंत्री लीसा नंदी के पिता दीपक नंदी का जन्म कोलकाता में हुआ था। लीसा नंदी ने कहा कि उन्हें अपनी भारतीय विरासत पर गर्व है।

## तुर्किये में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके

**अंकारा।** तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल और आसपास के क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.02 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी। किसी के घायल होने या मरने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। तुर्किये की समाचार एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने कहा, मैं अपने नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं।

## बिहार : तालाब में डूबने से तीन किशोरियों की मौत

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में बुधवार को तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों लड़कियों की पहचान आरती कुमारी (13), सुधा कुमारी (नौ) और नंदिनी कुमारी (आठ) के रूप में हुई है। जिला पुलिस ने बताया, बाजपट्टी थानाक्षेत्र के कंचनपुर इलाके में लड़किया बुधवार को तलाब में नहाने गयी थीं तभी यह घटना हो गयी। संदेह है कि लड़कियों का संतुलन बिगड़ गया और वे तालाब में डूब गयीं। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों लड़कियों को तालाब से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हम कश्मीरियों को दुश्मन न समझें : उमर

**श्रीनगर।** अन्य भारतीय राज्यों में कश्मीरी छात्रों को परेशान किए जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि वह अपने समकक्षों के संपर्क में हैं और उन्होंने उनसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि राज्य प्रशासन उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये खबरें आ रही हैं। उनका यह बयान नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता इमरान नबी डार की पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने सीएम से परेशान करने वाली खबरों के बीच कदम उठाने का आग्रह किया था।



उमर अब्दुल्ला ने बाद में मीडिया से कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, चाहे वो 25 मेहमान हों या हमारे स्थानीय बहादुर युवा जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को दूसरों के लिए कुर्बान कर दिया। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को इस घटना के खिलाफ सामने आने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं देश के लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे कश्मीरियों को दुश्मन न समझें। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। ये सब पाकिस्तान ने किया है। कश्मीरियों ने भी 35 साल तक इसे बर्दाश्त किया है।

सीएम ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि दूसरे राज्यों में हमारे बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोग शांति के दुश्मन नहीं हैं। वे शांति चाहते हैं। यह हमारी मर्जी से नहीं हुआ।

# 2,200 से ज्यादा कंपनियों ने छोड़ा बंगाल बेरोजगारी बढ़ने का खतरा मंडराया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की तरफ से बताया गया है कि पश्चिम बंगाल से काफी सारी कंपनियां अपना ऑफिस बंद करके दूसरे राज्यों की ओर रुख कर रही हैं। इसे एक तरह का कॉरपोरेट पलायन बताया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में बीते पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियां ने राज्य छोड़ दिया है। आज के वक्त में देखें तो भारत ज्यादा से ज्यादा कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में लगा है। तो ऐसे में राज्यों के अंदर कंपटीशन भी बना हुआ है कि कौन कितनी ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराएगा। जैसे हाल ही में आपने महाराष्ट्र, गुजरात के बीच की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली थी। ऐसे में किसी राज्य से कंपनियों पलायन होता है तो ये अपने आप में काफी बड़ी बात हो जाती है। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कॉरपोरेट मामलों के कनिष्ठ मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संसद को बताया कि पिछले पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियों ने अपने पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित किए हैं, जिनमें से कम से कम 39 सूचीबद्ध संस्थाएं हैं। राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के सवालों के जवाब में मल्होत्रा के जवाब ने तृणमूल कांग्रेस को सांसद के सवालों को पक्षपाती और भ्रामक करार दिया और भाजपा पर पूरी तरह से बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया।

# 'भारत के ज्यादा टैरिफ से कम है अमेरिका के साथ व्यापार'

**वॉशिंगटन।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का

### लेकिन ट्रंप ने फिर की पीएम मोदी की तारीफ

आरोप लगाया है। हालांकि उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की और कहा कि वे उन्हें काफी पसंद करते हैं। ट्रंप ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने का एलान किया है जिसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि हमारा भारत के साथ बेहद कम व्यापार होता है। क्योंकि भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने



वाले देशों में से एक है। भारत, चीन से भी ज्यादा टैरिफ लगाता है। ट्रंप ने हर्ले डेविडसन बाइक का उदाहरण दिया कि भारत में हर्ले डेविडसन पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की वजह से कंपनी को भारत में ही अपना प्लांट लगाने पर मजबूर होना पड़ा था। ट्रंप ने साफ कहा कि वे ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते हैं। गौरतलब है कि कुछ माह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था। पीएम मोदी के दौरे पर दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने पर सहमति बनी।

# 12 अमेरिकी राज्य ट्रंप की 'अवैध' नीतियों के खिलाफ

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ नीति को लेकर अपने ही घर में घिर गए हैं। 12 राज्यों ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को ट्रंप की टैरिफ नीति को अदालत में

### फैसले को अदालत में दी चुनौती

चुनौती दी है। उन्होंने न्यूयॉर्क में यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड में मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि ट्रंप की टैरिफ नीति गैर-कानूनी है। इसने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। ट्रंप की टैरिफ नीति को अदालत में चुनौती देने वाले राज्यों में ओरेगन, एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क और वर्मोंट शामिल हैं। राज्यों ने मुकदमे में कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू की गई नीति ने राष्ट्रीय व्यापार नीति को वैध प्राधिकार के उचित प्रयोग के बजाय ट्रंप की सनक के अधीन छोड़ दिया है।





#### टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस के पास

मुकदमे में कहा गया है कि टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस के पास है। राष्ट्रपति केवल तभी अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम लागू कर सकते हैं, जब कोई आपातकाल हो या विदेश से असाधारण खतरा हो। मुकदमे में राज्यों ने कहा, अमेरिका में प्रवेश करने वाले किसी भी सामान पर अत्यधिक और लगातार बदलते टैरिफ लगाने के अधिकार का दावा करके, ट्रंप ने सांविधानिक व्यवस्था को उलट दिया है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में गिरावट आई है।

## गर्मियों में आम का पना, सत्तू का शरबत व ठंडाई

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है और धूप तेज़ होती है, हमें अपने पुराने दिन याद आने लगते हैं, खासकर बात जब खाने की हो। एण्डटीवी के कलाकार भी अपने-अपने शहरों की गर्मियों की खान-पान से जुड़ी खास यादों के बारे में बता रहे हैं। 'भीमा' की धनिया यानी स्मिता सेबल कहती हैं, ''आमरस के बिना गर्मी अधूरी थी। मेरी दादी एकदम ठंडे आमरस को गरम पूरियों के साथ परोसती थीं, वह जबदर्स्त कॉम्बिनेशन चिलचिलाती गर्मी में फौरन सबका मूड ठीक कर देता था। मैं अब भी घर पर आमरस बनाती हूँ, और अब मेरे बेटे को भी यह बहुत पसंद है। एक और चीज़ जो मुझे गर्मी में बहुत याद आती है, वह है कैरी पन्ना, जो कच्चे आम, गुड़ और इलायची से बनता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे योगेश त्रिपाठी कहते हैं, ''यूपी में गर्मी का मतलब सत्तू का शरबत होता था। यह सिर्फ पीने



की चीज़ नहीं थी; यह तेज़ गर्मी में बचाने वाली चीज़ थी। इसे भुने हुए चने के आटे (सत्तू) में ठंडा पानी, थोड़ा नमक, नींबू का रस, भुना जीरा पाउडर और थोड़ा काला नमक मिलाकर बनाया जाता था। एक और पसंदीदा चीज़ आम पन्ना थी, जो उबले हुए कच्चे आम के गूदे में जीरा और काला नमक मिलाकर बनती थी, यह बड़ा ही टैंगी होता था। और मैं दही वड़ा नहीं भूल सकता, जो यूपी की गर्मियों की खास डिश है। यह हमारी गर्मियों की डाइट होती थी जो हलकी भी होती थी और इसे खाकर पेट भी भर जाता था।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''बनारस में की गलियों में शाम होते ही ठंडाई की खुशबू आने से। दूध, सूखे मेवे, केसर और कुछ खास मसालों से बनी ठंडाई सिर्फएक ड्रिंक नहीं थी, यह एक अलग ही मज़ा था।

## समर ब्यूटी टिप्स और वेलनेस सीक्रेट्स!

गर्मी का मौसम आते ही सूरज जैसे सिर पर चढ़ जाता है, दिन लंबे हो जाते हैं और साथ ही शुरू होती हैं कुछ आम परेशानियां, जैसे पसीना, स्किन पर रैशेस, थकावट और सनबर्न। ज़ी टीवी के हमारे चहेते सितारे लंबे समय तक सेट पर लाइट्स के नीचे काम करते हैं और रि भी हमेशा फ्रेश दिखते हैं। उन्होंने शेयर किए हैं अपने पर्सनल समर हैक्स। इस गर्मी, जानिए पॉपुलर टीवी स्टार्स के सिंपल ब्यूटी टिप्स, स्किन केयर रूटीन और वेलनेस सीक्रेट्स। शो 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना कहती हैं, ''मैं हमेशा अपने साथ नारियल पानी की बड़ी बोतल, एक छोटा फैन और ढेर सारा सनस्क्रीन रखती हूं। बाहर निकलते समय पानी की बोतल ज़रूर ले जाएं, सिर पर स्कार्फ या टोपी हो, अच्छा खाना खाएं और अपना ख्याल रखें।'' 'जमाई नं. 1' में नील का रोल निभा रहे अभिषेक मलिक बताते हैं, '' गर्मी में मेरी



एक आसान ट्रिक है, एक छोटा तौलिया पानी में भिगोकर फ्रिज में रख देना और फिर ज़रूरत पड़ने पर चेहरे पर लगाना। इससे गर्मी में बहुत राहत मिलती है!'' 'कुमकुम भाग्य' में मयंक का रोल निभा रहे आर्यन राजपूत कहते हैं, '' इस साल मेरी गर्मी की टिप्स हैं - बहुत सारा पानी पीना, ब्लॉटिंग पेपर, सनस्क्रीन और छोटा हैंड फैन हमेशा साथ में रखना। गर्मी में शूटिंग थका सकती है, लेकिन जो साथ में हंसी और पल बनते हैं, वो हमेशा याद रहते हैं।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का रोल निभा रहीं रचना मिस्त्री बताती हैं, '' गर्मियों में मैं सनस्क्रीन लगाना कभी नहीं भूलती, साथ में इलेक्ट्रोलाइट वाला पानी और एक छोटा-सा पाउच जिसमें कूलिंग वाइप्स और ब्लॉटिंग पेपर रहते हैं। हल्के, आरामदायक कपड़े और सीक्वेंस के बीच छोटे-छोटे ब्रेक्स - जैसे सब लोग एक छाते के नीचे हों। यही गर्मियों की असली ठंडक है।''

## बाजार दर्पण

AWPL

परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें

सुख और समृद्धि दोनो पायें

आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें

जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट

पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज

मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089